



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 60 | कोरबा, रविवार, दिनांक 30 नवंबर 2025 डाक 01 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
चेन्नई के कासिमेदु फिशिंग हार्बर पर साइक्लोन दितवाह के कारण तेज़ हवाओं के बीच किनारे पर खड़ी नावें।



**देश-विदेश**
उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी, चक्रवात दितवाह की भारत में दस्तक, तटीय राज्य हाई अलर्ट पर



**फीचर पेज**
केले के छिलके फेंकने की बजाय उनका इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल



## इ्यूटी के दौरान आरक्षक की मौत, दो बाइकों में भिड़ंत

**सूरजपुर।** जिले में आए दिन भीषण सड़क हादसे हो रहे हैं। दो बाइकों की आपस की भिड़ंत में एक आरक्षक की मौत हो गई। उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक दलसाय कोराम रामानुजनगर थाने में आरक्षक के पद पर पदस्थ था। दरअसल, कल रात को आरक्षक दलसाय कोराम परशुरामपुर से वारंट तामील कर वापस रामानुजनगर थाने लौट रहा था। इसी दौरान सरईपारा गांव में आरक्षक की बाइक और सामने की ओर से आ रही बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गया था। आरक्षक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य रामानुजनगर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान आरक्षक ने आज दम तोड़ दिया है। रामानुजनगर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

# मन की बात : वोकल फॉर लोकल का मंत्र जरूरी : पीएम

**नईदिल्ली 30 नवंबर [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश को संबोधित किया। रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड में पीएम मोदी ने राम मंदिर ध्वजारोहण का का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीम भावना से हर काम सफल हो सकता है। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के दौरान कहा कि नवंबर का महीना बहुत सी प्रेरणाएं लेकर आया है। 26 नवंबर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हॉल में विशेष कार्यक्रम हुआ। वंदे मातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई।अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ और कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण किया गया। पीएम मोदी ने शहद की मिठास का जिक्र करते हुए कहा कि हम सभी शहद की मिठास से परिचित होंगे, लेकिन हमें ये पता नहीं चलता कि इसके पीछे कितने लोगों की मेहनत है। जम्मू कश्मीर के सुलाई में शहद को जीआई टैग मिला है, जिसके बाद इसकी पहचान पूरे देश में बन रही है। दक्षिण कन्नड़ जिले की वनस्पतियां शहद उत्पादन के लिए अच्छी मानी जाती हैं। यहां ग्रामजन्य संस्था ने शहद उत्पादन को ब्रांडेड बनाकर शहरों तक बेचा है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है।आज भारत शहद उत्पादन में नए रिकॉर्ड बना रहा है। आज भारत में शहद उत्पादन डेढ़ लाख मीट्रिक टन से ज्यादा हो गया है। इससे हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इससे देश के कोनों में शहद की मिठास भी बढ़ रही है और ये मिठास किसानों की आय भी बढ़ा रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने 357 मिलियन टन के खाद्यान्न उत्पादन के साथ एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। 10 साल पहले की तुलना में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 100 मिलियन टन और बढ़ गया है। कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो ने मेरा ध्यान खींचा। ये वीडियो ISRO की एक अनोखी ड्रोन प्रतियोगिता का था। इस Video में हमारे देश के युवा और खासकर हमारे Gen-Z मंगल ग्रह जैसी परिस्थितियों में ड्रोन उड़ाने की कोशिश कर रहे थे। इस प्रतियोगिता में पुणे के युवाओं की एक टीम ने कुछ हद तक सफलता पाई। उनका ड्रोन भी कई बार गिरा, क्रैश हुआ पर उन्होंने हार नहीं मानी। कई बार के प्रयास के बाद इस टीम का ड्रोन मंगल ग्रह की परिस्थिति में कुछ देर उड़ने में कामयाब रहा।

पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल का जिक्र करते हुए कहा कि प्यारे देशवासियों मैं आप सभी से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील करता हूं। हाल ही में जी20 सम्मेलन के दौरान मैंने वैश्विक नेताओं को ऐसे उपहार भेंट किए, जो वोकल फॉर लोकल के मंत्र को बढ़ावा देते हैं। मैंने जापान की प्रधानमंत्री को भगवान बुद्ध की चांदी की प्रतिमा भेंट की। इटली की पीएम को करीमनगर की एक कला भेंट की। मैं चाहता हूं कि दुनिया हमारे कारीगरों की प्रतिभा को पहचाने। मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है। हाल के त्योहारों की खरीद में लोगों ने मन से भारत के उत्पादों को चुना। इस बार युवाओं ने भी वोकल फॉर लोकल के अभियान को गति दी। आगामी क्रिसमस के समय भी वोकल फॉर लोकल की भावना का ध्यान रखे।

## चमोली के कई इलाकों में भूकंप के झटकों से दहशत, घरों से बाहर दौड़ पड़े लोग




**चमोली 30 नवंबर।** उत्तराखंड में आज एक बार फिर धरली डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर दौड़ पड़े। जानकारी के अनुसार, भूकंप के झटके 10 बजकर 27 मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंद किशोर जोशी नें बताया भूकंप का केंद्र चमोली के आसपास बताया जा रहा है। कहीं से किसी नुकसान की सूचना नहीं है।उत्तराखंड को भूकंप की दृष्टि से अति संवेदनशील जोन-छह में शामिल किया गया है। इससे पहले राज्य के जिलों को जोन चार और पांच में विभाजित किया गया था।

अब भारतीय मानक ब्यूरो ने डिजाइन भूकंपीय जोखिम संरचनाओं के भूकंपरोधी डिजाइन के मानदंड रीति संहिता-2025 में नया भूकंपीय क्षेत्रीकरण मानचित्र जारी किया है। इसमें उत्तराखंड समेत अन्य हिमालीय राज्यों को भी भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील जोन छह में रखा गया है। इससे पूरे राज्य में निर्माण कार्यों के लिए लोगों को अधिक सजग होना होगा। पहले भूकंप की दृष्टि से उत्तराखंड को दो जोन में रखा गया था।

## दिल्ली में सड़क हादसा: बेकाबू हुई तेज रफ्तार मर्सिडीज फुटपाथ पर सो रहे तीन को कुचला, एक की मौत

**नई दिल्ली 30 नवंबर।** दक्षिण पश्चिम जिले के बसंत कुंज इलाके में देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। यहां पर तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने फुटपाथ पर सो रहे तीन लोगों को कुचल दिया। एक पीड़ित की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दर्दनाक हादसा रात करीब दो बजे बसंत कुंज इलाके में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मर्सिडीज कार अत्यधिक तेज गति से आ रही थी। कार चला रहा युवक गति नियंत्रण खो बैठा और कार फुटपाथ पर चढ़ गई, जहां तीन लोग सो रहे थे। कार की चपेट में आने से तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस स्टेशन वसंत कुंज नॉर्थ में एक रोड एक्सीडेंट की सूचना पुलिस को मिली। आईओ स्टाफ के साथ तुरंत मॉल के सामने नेल्सन मंडेला मार्ग पर वसंत विहार की तरफ मौके पर पहुंचे। पहुंचने पर एक मर्सिडीज प्रतिशत 63 एक्सीडेंटल हालत में मिली। जहां 23, 35, और 23 साल के तीन घायल लोग थे। सभी एंबियंस मॉल के एक रेस्टोरेंट के कर्मचारी थे। जो मौके पर घायल पड़े मिले। तीनों घायलों को तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। मेडिकल जांच के दौरान उत्तराखंड के चमोली के रहने वाले 23 साल के रोहित को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो का अभी इलाज चल रहा है। कथित मर्सिडीज कार के ड्राइवर, जिसकी पहचान शिवम (29 साल) के तौर पर हुई है, जो करोल बाग का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। घटना के समय, वह अपनी पत्नी और बड़े भाई के साथ गाड़ी चला रहा था।

## अमेरिका के कैलिफोर्निया में भीषण गोलीबारी, 4 की मौत और 10 घायल



**नई दिल्ली 30 नवंबर।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में भयंकर गोलीबारी की घटना से सनसनी फैल गई है। स्टॉकटन के बैंक्वेट हॉल में हुई अंधाधुंध फायरिंग में कई लोगों की जान चली गई। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, गोली लगने के कारण 4 लोगों की मौके पर मौत हो गई और 10 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सैन जोकिन काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता हीथर ब्रेंट ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि फायरिंग में महिलाओं और बच्चों को भी गोली लगी है।

शुरुआती जांच में यह एक सोची-समझी साजिश लग रही है। यह फायरिंग बैंक्वेट हॉल में हुई है। घटना के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## सोनिया-राहुल गांधी की फिर बढ़ी मुश्किल नेशनल हेराल्ड केस में नई एफआईआर दर्ज



**नई दिल्ली 30 नवंबर।** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सोनिया और राहुल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज हुई है। इसमें सोनिया और राहुल समेत 6 अन्य लोगों पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इसके अलावा एफआईआर में 3 अन्य कंपनियों के नाम भी दर्ज किए गए हैं। नेशनल हेराल्ड केस की जांच खत्म करने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसकी रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी थी। दिल्ली पुलिस ने 3 अक्टूबर को यह एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में आरोप है कि कांग्रेस के स्वामित्व वाली संस्था एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का धोखाधड़ी से अधिग्रहण किया गया था। इस कुल संपत्ति 2000 करोड़ रुपये थी। यंग इंडियन के माध्यम से यह अधिग्रहण संपन्न हुआ था और गांधी परिवार की इसमें 76 फीसदी हिस्सेदारी थी। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गई नई एफआईआर में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा समेत 3 अन्य लोगों का नाम भी शामिल है। इसके अलावा एजेएल, यंग इंडियन और डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम भी मौजूद हैं। तीनों कोलकाता आधारित फर्जी कंपनियां थीं। इनमें यंग इंडिया को 1 करोड़ रुपये देने और 50 लाख में एजेएल का अधिग्रहण करने का आरोप है। एजेएल की कुल संपत्ति 2000 करोड़ आंकी गई है। दिल्ली पुलिस एजेएल के शेयरधारकों को जल्द ही पूछताछ के लिए बुला सकती







## बिजली कैसे बनती है देखा छात्र-छात्राओं ने

कोरबा। 'बिजली आखिर बनती कैसे है?' - यह सवाल हर छात्र के मन में आता है। इस जिज्ञासा को शांत करने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा के 55 छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थर्मल पावर स्टेशन का औद्योगिक भ्रमण किया।अतिथि व्याख्याता आशिया खान व मधु यादव के नेतृत्व में बीए, बीकॉम और बीएससी (तृतीय वर्ष एवं तृतीय सेमेस्टर) के विद्यार्थियों ने प्लांट के हर हिस्से को करीब से देखा।के सहायक अभियंता सुमन सोमानी, प्रकाश देवांगन और देवकी पटेल ने छात्रों को कोयला आपूर्ति, बॉयलर, टरबाइन, कंट्रोल रूम, पर्यावरण संरक्षण के उपाय और सुरक्षा मानकों की पूरी बारीकी से समझाए।छात्रों ने देखा कि कोयला कैसे पाउडर बनता है, भाप कैसे बनती है, टरबाइन कैसे घूमती है और आखिर में बिजली कैसे तैयार होकर ग्रिड में जाती है। कंट्रोल रूम में बैठकर उन्होंने रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी देखी।कॉलेज की प्राचार्य डॉ. शिखा शर्मा ने भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं, जबकि प्रभारी डॉ. डेज़ी कुजूर ने छ्स्क्रू प्रबंधन का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण जारी रखने की उम्मीद जताई। छात्रों का कहना था - 'किताबों में जो पढ़ते थे, उसे आज अपनी आँखों से देखा, अब बिजली बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह समझ आ गई।'

## मुकेश राठौर को अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष

कोरबा। अखिल भारतीय कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के 41 जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणगोपाल राव ने कांग्रेस जिला अध्यक्षों की सूची जारी की है। इस सूची में 30 जिलों में नये अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं 11 जिलों में वर्तमान जिला अध्यक्षों को पुन: मौका दिया है। कोरबा ग्रामीण में मनोज चौहान को पुन: मौका दिया गया है । मनोज चौहान को इसी वर्ष 8 माह पहले मार्च माह में कोरबा ग्रामीण क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई थी । कुछ माह के कार्यकाल में मनोज चौहान ने ग्रामीण क्षेत्र के रामपुर, कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा में लगातार सक्रिय रहे और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिलते रहे। प्रदेश कांग्रेस एवं एआईसीसी के निर्देशों का जवाबदेही से निर्वहन करते रहे । जिसके फलस्वरूप मनोज को कोरबा ग्रामीण हेतु पुन: मौका दिया है । वहीं कोरबा शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव की जगह मुकेश कुमार राठौर को जिम्मेदारी दी गई है। नत्थूलाल यादव को भी इसी वर्ष 8 माह पहले शहर जिला अध्यक्ष बनाया गया था । मनोज चौहान की तरह नत्थुलाल यादव अपने क्षेत्र में सक्रिय रहे और कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने हरसंभव प्रयास किया है लेकिन कांग्रेस पार्टी के नये नियमों के तहत् उम्र अधिक होने के कारण नत्थुलाल के स्थान पर मुकेश राठौर को जिम्मेदारी दी गई है । मुकेश राठौर वर्ष 2004 में पहली बार पथर्रीपारा वार्ड क्र 12 से चुनाव जीत कर पार्षद बने 2009 में भी इसी वार्ड से चुनाव जीतकर दोबार पार्षद बने, 2014 एवं 2019 में महिला सीट आरक्षित होने पर मुकेश राठौर की धर्मपत्नि सुनीता राठौर पार्षद चुनी गई । 2024 - 25 में मुकेश राठौर तीसरी बार चुनाव जीत कर पार्षद बने । मुकेश राठौर लंबे समय से जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष पद का दायित्व निभाते आ रहे हैं । कांग्रेस संगठन में मुकेश राठौर को निगम में पांच वर्ष नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी दिया था जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निर्वहन किया । मुकेश राठौर लंबे समय से संगठन में सक्रिय है । मुकेश राठौर को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष व्याप्त है । पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल और सांसद ज्योत्सना महंत ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए संगठन में नई उर्जा और मजबूत नेतृत्व और सबको एक साथ लेकर चलने को कहा है ।

## सेवानिवृत्त होने पर कर्नल को दी बिदाई

कोरबा। एसईसीएल मुख्यालय में शनिवार को सेवानिवृत्त हो रहे लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार को भावुक माहौल में विदाई दी गई। दिनांक 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत्त होने वाले ले. कर्नल अशोक कुमार के सम्मान में 29 नवंबर को मुख्यालय स्थित सीएमडी कक्ष में आयोजित समारोह में निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन/जनसंपर्क) मनीष श्रीवास्तव, विभिन्न विभागाध्यक्ष, श्रम संघ प्रतिनिधि, सुरक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हुए।कार्यक्रम में ले. कर्नल अशोक कुमार को शाल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया एवं सेवानिवृत्ति उपरांत देय सभी भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि ले. कर्नल अशोक कुमार कर्तव्यपरायण, मिलनसार और विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य को कुशलतापूर्वक संपादित करने की क्षमता वाले अधिकारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक व्यवहार के कारण वे मुख्यालय में सभी के बीच लोकप्रिय रहे। उनके योगदान ने एसईसीएल को कई उपलब्धियाँ दिलाईं, जिन्हें सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुखी पारिवारिक जीवन की कामना की।ले. कर्नल अशोक कुमार ने भी एसईसीएल के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि संस्था में कार्य करना उनके लिए गौरव की बात रही। उन्होंने बताया कि सेवा अवधि के दौरान उन्हें वरिष्ठों का मार्गदर्शन, सहयोगियों का साथ और अधीनस्थ कर्मचारियों का स्नेह व सम्मान निरंतर प्राप्त हुआ, जो हमेशा उनकी स्मृति में रहेगा।कार्यक्रम का संचालन और सेवानिवृत्त अधिकारी का परिचय प्रबंधक (मानव संसाधन-औद्योगिक संबंध) वरुण शर्मा ने प्रस्तुत किया।

## जटगा खरीदी केंद्र: 18 क्विंटल धान की पर्ची नहीं मिली, जब्त

कोरबा । पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के धान खरीदी केंद्र जटगा में धान बेचने पहुंचे किसान की तौल पर्ची ही नहीं मिली। इसे संदिग्ध मानते हुए एसडीएम मनोज कुमार बंजारे ने धान को जब्त कर लिया। धान को प्रबंधक नारायण मरकाम के सुपुर्द किया है। मामले में मंडी सचिव को भी सूचना दी है। जिले में धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक 40 केंद्रों में बोहनी हो सकी है। 15 केंद्रों में बोहनी नहीं हुई है। अब तक 63 हजार 464 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। इसमें पतला धान 252 क्विंटल 40 किलो है। दूसरी ओर अवैध धान खपाने की आशंका पर प्रशासन की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। एसडीएम जब जटगा केंद्र पहुंचे तो यहां किसान शेर सिंह धान बेचने पहुंचा था।

पूछताछ करने पर वह तौल पर्ची नहीं बता सका। इसकी वजह से धान को जब्त कर लिया। धान की कटाई तेजी से चल रही है। गिने-चुने किसान ही धान बेचने पहुंच रहे हैं। करीब 50 हजार किसानों ने धान बेचने पंजीयन कराया है, जिनमें से अब तक 1284 किसानों ने ही धान बेचा है। दिसंबर से धान खरीदी में तेजी आने की संभावना है। पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्र में पहले भी अवैध धान खपाने की शिकायत मिलती रही है। यही नहीं, पिछले साल समिति में धान की कमी पाई गई थी।

# चस्पा क्यूआर कोड से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की मिलेगी पूरी जानकारी

कोरबा । प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में कोरबा जिले में एक अभिनव डिजिटल पहल की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत भवनों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे हैं, जिन्हें स्कैन कर ग्रामीण नागरिक योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे।

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के निर्देशन में योजनान्तर्गत संचालित कार्यों में पारदर्शिता लाने एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्वीकृत आवासों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इन क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्रामीण अपने ग्राम में स्वीकृत आवासों की संख्या, कार्य प्रगति की स्थिति, स्वीकृत राशि एवं व्यय का विस्तृत विवरण सहज रूप से देख सकेंगे।



कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग की देखरेख में इस योजना को जिले भर में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। यह व्यवस्था योजना के कार्यों को जनता के लिए पूरी तरह पारदर्शी एवं सुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हो रही है।

सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग ने कहा कि यह डिजिटल पहल ग्रामीणों को योजनाओं की सीधे निगरानी का अधिकार देती है। अब नागरिक स्वयं देख सकेंगे कि उनके ग्राम में हुए विकास कार्यों पर कितनी राशि स्वीकृत हुई, कितना व्यय हुआ एवं कार्य किस स्थिति में है। इससे न केवल अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि जनता का भरोसा भी और मजबूत होगा। यह प्रणाली ग्रामीणों को केवल लाभार्थी ही नहीं, बल्कि अपने ग्राम विकास का सजग प्रहरी बनाती है। केंद्र एवं राज्य सरकार की पारदर्शिता और जनभागीदारी की नीति को सार्थक करते हुए यह पहल कोरबा जिले के सभी जनपद पंचायतों में लागू की जा रही है, जिससे विकास कार्यों की जानकारी हर ग्रामीण तक आसानी से पहुंचेगी और योजनाओं की प्रगति पर जनता की सीधी नजर बनी रहेगी।

## एसईसीएल-गेवरा अंतर्गत अर्जित ग्राम अमगांव के भू-विस्थापित अपनी समस्याओं से परेशान ऊर्जाधानी भू-विस्थापित संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी

कोरबा । कोरबा-पश्चिम एसईसीएल-गेवरा क्षेत्र द्वारा वर्ष 2010 में पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमगांव का अर्जन किया गया था और 2025 में ग्राम को राज्य शासन के अनुमोदन पश्चात कलेक्टर के आदेशानुसार विलोपित कर दिया गया है, जिसके कारण ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान नही होने से लोग परेशान हैं। ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति ने अनुविभागीय अधिकारी पाली, सीएमडी और महाप्रबंधक को ज्ञापन देकर तत्काल कार्यवाही की मांग करी हैं। समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने प्रबंधन और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि गांव का विस्थापन से पूर्व समस्याओं का समाधान पूर्ण रूप से कर लिया जाना चाहिए पर जब गांव को ही विलोपित किया गया है तब भी रोजगार, पुनर्वास और मुआवजा जैसी बुनियादी मांगो के लिए लोंगो को भटकाया जा रहा है। पुनर्वास स्थल में भी समस्याएं व्याप्त है, जिसे दूर नही किया जा सका है, अब समिति लोंगो के साथ आंदोलन की राह पर है। सौंपे गए ज्ञापन पर सकारात्मक कार्यवाही नही हुई और समस्याओं के प्रति गंभीरता नही दिखायी गयी तो जल्द ही आक्रामक आंदोलन खड़ा किया जाएगा। ग्रामीणों द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 235 लोंगो को जमीन, मकान व अन्य परिसम्पतियों का मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। छोटी-छोटी दस्तावेजों की कमी अथवा अन्य कारणों से भू-विस्थापित परिवारों को अपने मुआवजा के लिए भटकना पड़ रहा है। मांग है कि एसईसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन तत्काल कार्यवाही पूर्ण करे और लंबित मुआवजा प्रदान किया जाये।जानकारी के अनुसार ग्राम अमगांव के भू-विस्थापित होने वाले परिवारों के अनेक लोंगो को नियमानुसार पुनर्वास प्रदान नहीं किया गया है और कुछ लोंगो को अपात्र बताया जा रहा है, जिस पर जिला प्रशासन को हस्तक्षेप कर पुनर्वास प्रदान कराने हेतु उचित कार्यवाही करने की आवश्यकता है। अत: शेष बचे उन सभी भू-विस्थापित परिवारों को जिनका अभी तक पुनर्वास नहीं हुआ है, उन्हें बतारी (नेहरू नगर) में तत्काल और समुचित बसाहट/पुनर्वास प्रदान किया जाए तथा बसाहट स्थल में समुचित विकास कार्य पूर्ण कराया जाये।

# जिले में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक लोगों को मिला नि:शुल्क उपचार

### महापौर संजू देवी ने किया चिकित्सको का सम्मान

कोरबा । श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा बालको द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरबा के सहयोग से 29 नवंबर को श्री अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम परिसर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में 250 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सको की टीम ने जुकाम, खांसी, चर्म रोग, रक्तचाप, शुगर, पेट संबंधी समस्याएं, स्त्रीरोग, नेत्र रोग, गठिया, वात, बवासीर, जोड़ों के दर्द सहित कई बीमारियों की जांच कर उपचार प्रदान किया। साथ ही सभी रोगों से संबंधित दवाइयाँ भी पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई गईं। रक्त की जांच के लिए अलग से काउंटर बनाए गए थे, जहां लोगों ने उत्साह से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत उपस्थित रही। उन्होंने शिविर में कार्यरत चिकित्सको का शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया और नि:स्वार्थ सेवा के लिए उनकी सराहना की। इस अवसर पर संतोष शांडिल्य, पार्षद सत्येंद्र दुबे, रामायण सूर्यवंशी, आर.के. द्विवेदी तथा श्रीमती राजकुमारी देवांगन भी उपस्थित रहे। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में स्वस्थ रहना जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सक वास्तविक रूप से मानवता के रक्षक हैं, जो दिन-रात लोगों की बीमारियों और समस्याओं को दूर करने में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, क्योंकि इनके माध्यम से जरूरतमंद लोगों को त्वरित उपचार और सटीक स्वास्थ्य सलाह मिलती है।

चिकित्सको की टीम में डॉ. निषाद दत्ता, डॉ. लक्ष्मीकांत पटेल, डॉ. नागज्योति राठौड़, डॉ. दिव्या, श्रीमती ममता कुर्रे, विक्रम भीतर, श्रीमती सेकंड लकड़ा, श्रीमती मां कुंवर मरकाम, श्रीमती सुनीता शाह, वीरेंद्र कुमार साहू, उमेश कुमार, हरीश कुमार कश्यप और नीरज कुमार साहू पूरे दिन लोगों की सेवा में

## बालको टाउनशिप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव हुआ संपन्न-महापौर संजू देवी राजपूत रही मुख्य अतिथि



कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत बालको टाउनशिप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्येंद्र दुबे, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीलम सिंह, अध्यक्ष चन्द्रमाणी यादव, उपाध्यक्ष राजकुमार यादव और सचिव रविंद्र कुमार यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ, अभिभावक एवं शिक्षक-शिक्षिकाएँ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत परेड दल द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत को सलामी देने से हुई। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं ने तिलक व पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। मां सरस्वती की आरती और दीप प्रज्वलन के साथ वार्षिक उत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

महापौर श्रीमती राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा प्रदान करने वाले इस विद्यालय में गणित, विज्ञान और वाणिज्य विषयों का सशक्त अध्यापन किया जाता है। उन्होंने कहा कि यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले कई विद्यार्थी आज उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जो विद्यालय की उपलब्धियों का प्रमाण है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विद्यालय के बच्चे न सिर्फ पढ़ाई में, बल्कि खेलकूद में भी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

स्कूल प्रबंधन द्वारा खेल मैदान की बाउंड्री वॉल का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर महापौर ने आश्वासन दिया कि बालको प्रबंधन से चर्चा कर शीघ्र ही इस कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।तत्पश्चात छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणेश वंदना से शुरू हुआ कार्यक्रम संगीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों से सरोबार रहा। दर्शकों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की जमकर सराहना की।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर इंडक्शन कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

कोरबा । स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों तथा नव-नियुक्त अतिथि प्राध्यापकों के लिए रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एन.ई.पी 2020 की अवधारणा, संरचना तथा उनके शैक्षणिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की संस्था प्रभारी एवं एन.ई.पी. समन्वयक डॉ. डेज़ी कुजूर के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं, उद्देश्यों और दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् सुश्री दिव्या पटेल सहायक प्राध्यापक, अंग्रेज़ी के द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक संरचना, कोर्स क्रेडिट प्रणाली, उपस्थिति नियम, आंतरिक मूल्यांकन तथा परीक्षा प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुश्री पूजा सिंह, सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान ने आंतरिक मूल्यांकन, परीक्षा प्रणाली एवं परिणाम विश्लेषण पर प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता नुपिता सेन यादव, शैलेश माहेश्वरी, आशिया खान, मधु यादव सहित नव-नियुक्त अतिथि व्याख्याता हेमंत कुमार, गणित तथा पूनम साहू भौतिक शास्त्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं नव-नियुक्त अतिथि प्राध्यापकों को ह्श्वक्क 2020 के उद्देश्यों, संरचना और उसके प्रभावों के बारे में व्यापक समझ प्रदान की। साथ ही उनके समस्त प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया गया। महाविद्यालय द्वारा इंडक्शन कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शिखा शर्मा ने एन.ई.पी. 2020 को समझने और आत्मसात करने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन की आवश्यकता बताई जिससे विद्यार्थी और शिक्षक लाभान्वित हों।

## धूमधाम से मनाया गया निर्मला स्कूल का वार्षिक उत्सव

कोरबा। निर्मला इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई), रिसदी, कोरबा में 29 नवंबर शनिवार को 19वाँ वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से हुआ, जिसके पश्चात स्कूल प्रांगण के मंच का माहौल श्रद्धा और उत्साह से भर दिया.



कार्यक्रम में प्रांतीय सुपीरियर 1. सिस्टर सजीथा मैरी ने अध्यक्षता की, जबकि अजीत वसंत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि टी.पी. उपाध्याय (डीईओ कोरबा) एवं कोरबा सहोदय के अध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता भी समारोह में उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया.प्राचार्या सिस्टर नवीन मैरी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय उपलब्धियों की जानकारी दी। अध्यक्षीय एवं उद्घाटन भाषण में अतिथियों ने विद्यालय के समग्र विकास तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एवं वार्षिक सत्र 2024-25 में उत्तीर्ण हुए 10वीं और 12 वीं के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया.कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक्शन डांस, वाद्य संगीत, समूह गीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रेरक संबोधन में डॉ. संजय गुप्ता ने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सीखने की इच्छा और अनुशासन को जीवन का प्रमुख आधार बनाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात सम्मान समारोह और पुरस्कार वितरण हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वोट ऑफ थैंक्स हेड बॉय एवं हेड गर्ल द्वारा दिया गया.कार्यक्रम का समापन हर्ष, उत्साह और तालियों की गूंज के बीच हुआ। ' की थीम लिए यह वार्षिक समारोह विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी और यादगार साबित हुआ.

### राजेश व विनीता को इंडिया प्राइड अवार्ड

कोरबा । नई दिल्ली में इंडिया प्राइड अवार्ड के पांचवें सीजन का आयोजन हुआ। इसमें बालको नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी राजेश कुमार द्विवेदी को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंडिया प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया। व्यवसाय के क्षेत्र में उनके बेहतर योगदान को सराहा। दैनिक भास्कर ग्रुप ने पुरस्कार समारोह में ऐसे नायकों को सम्मानित किया।

## उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के परिवार के वैवाहिक समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नवदंपत्ति को दिये आशीर्वाद



कोरबा। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के परिवार में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम राजनीतिक और सामाजिक दोनों ही दृष्टि से बेहद खास रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं कोहड़िया स्थित मंत्री निवास पहुंचे, जहां उन्होंने मंत्री के भाई कौशल देवांगन के सुपुत्र विश्वेष देवांगन संग मेघा देवांगन के शुभ वैवाहिक समारोह में शामिल होकर नवदंपत्ति को आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण एवं गरिमामय बना दिया। शीर्ष नेतृत्व का एक साथ कोरबा पहुंचना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान और उत्साह का विषय रहा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश मंत्री सुश्री रितु चौरसिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, महामंत्री व पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी. सदस्य हितानंद अग्रवाल, देवेन्द्र पांडेय, संजय शर्मा, अर्जुन गुप्ता, शैलेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष डिलेन्द्र यादव, डॉ. राजेश राठौर, अभिषेक गर्ग, मनोज लहरे, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा नीरज ठाकुर सहित मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री व अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में पूरे राजनैतिक परिवार की एकजुट उपस्थिति ने इसे एक शानदार और यादगार पल बना दिया। नवविवाहित दंपत्ति को सभी अतिथियों ने प्रेम, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## चांपा नगर में वेद वेदांत उपनिषद और ब्रह्म सूत्र की प्रवाहित होगी ज्ञान गंगा

**जांजगीर-चांपा।** कोसा, कांसा एवं कंचन की पावन भूमि चांपा नगर के परशुराम मार्ग स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 21 दिनों तक वेद वेदांत, ब्रह्म सूत्र की ज्ञान गंगा बहेगी। जगदुरु कृपालु जी महाराज के प्रमुख प्रचारक डॉ स्वामी युगल शरण जी महाराज द्वारा वेद वेदान्त, उपनिषद और ब्रह्म सूत्र पर आधारित दिव्य ज्ञान का प्रवचन देंगे। यह आयोजन दिनांक 30 नवंबर से दिनांक 20 दिसंबर 2025 तक चलेगा ।प्रवचन का समय सायंकाल 6-00 से रात्रि 8-00 बजे तक निर्धारित हैं।



प्रवचन के माध्यम से पूरे भारत-वर्ष में हो रहा प्रचार-प्रसार स्वामी जी के द्वारा भारत-वर्ष सहित संपूर्ण विश्व में अपने प्रवचन के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा हैं। पहले कृपालु जी महाराज स्वयं करते थे अब यह दायित्व उनके शिष्यों ने उठाया हैं। वृंदावन प्रेम मंदिर प्रेम से आ रहे जगतगुरु स्वामी श्री कृपालु जी महाराज के प्रमुख प्रचारक डॉ. स्वामी युगल शरण जी द्वारा अद्वितीय आत्म सिद्धांत पर प्रवचन किया जाएगा। वृंदावन से अक्षिता दीदी, गुनगुन दीदी, शिखा दीदी वेस्ट बंगाल, गदाधर भाई, राजभाई, आशुतोष भाई एवं अन्यान्य संन्यासियों की टीम 15 दिनों से नगर में व्यवस्था संभाले हुए हैं।



## रवि पांडेय नरियरा के बीएलए 2 बने

**जांजगीर-चाम्पा।** भाजपा के जिला इकाई के द्वारा नरियरा नगर पंचायत के लिए नियुक्त प्रभारी भाजपा नेता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने नरियरा पहुंचकर पार्टी द्वारा नियुक्त बी.एल.ए.2 की मीटिंग लिया गया एवं उन्हें शासन से नियुक्त बी.एल.ओ. की मदद करते हुए समय पर मतदाता शुद्धीकरण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इंजीनियर पाण्डेय ने बताया कि 22 वर्षो के बाद निर्वाचन आयोग के द्वारा देश मे विभिन्न प्रदेशों मे क्रमवार मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है जो एक प्रकार का मतदाता सूची शुद्धीकरण है। इस कार्य से मतदाता सूची को सही और अपडेट करते हुए जिन लोगों का नाम गलत अंकित है या छुट गया है उसे सही किया जा रहा है साथ ही साथ जिन लोगो का पता बदल गई है या अब वो पात्र नहीं है या जिसकी मृत्यु हो गयी है उन्हें सूची से हटाया जा रहा है। इंजीनियर पाण्डेय ने जानकारी दी की निर्वाचन आयोग ने इस कार्य को डिजिटल तकनीक करके और आसान बना दिया है। बूथ लेवल आफिसर ठस्व् घर घर जाकर गणना पत्रक भरवा रहे है जिसके लिए किसी दस्तावेज की फोटोकापी की जरूरत नही है। मतदाता अब एक आनलाइन लिंक के माध्यम से पहले अक्षर से खोजकर, गणना पत्रक मे सही जानकारी भरकर त्रुटि रहित सूची बनाने मे सहयोग कर सकते है। इस अवसर पर हरप्रसाद यादव, आकाश सिंह, रवि रात्रे, महेश कर्ष, शशिदास महंत, शुशांत बंजारे, दिलचंद बंजारे, मधु पाटले, राजेस कैवर्त, गणपति दास महंत, कृष्णचंद राठौर, रवि राय, पारस दुबे, प्रदीप निर्मलकर, दीपक बंजारे, धीरेन्द्र निर्मलकर, दुर्गेश साहू, धनंजय बरेठ, बलराम गोस्वामी, दुर्गेश यादव, संतोष भारत, अनिल यादव मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस समाज के हर वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्धः पंकज

**चांपा।** जिला युवा कांग्रेस द्वारा प्रथम विस्तारित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, वीथ आईवायसी ऐप के प्रचार-प्रसार और दिल्ली में आयोजित होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में आगामी समय में संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ बनाने तथा युवा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में विशेष रूप से जिला प्रभारी भावेन्द्र गंगोत्री, जिलाध्यक्ष पंकज शुक्ला, प्रदेश महासचिव गौरव सिंह, उपाध्यक्ष अविनाश साहू, प्रदेश संयोजक सौरभ सिंह, लाला जायसवाल, हर्ष वर्धन सिंह, मितेश (भोलू) यादव, उदल कश्यप, आकाश सिंह, दीपक सूर्यवंशी,

ओमप्रकाश साहू, संजय कुमार कश्यप, प्रतीक सिंह, संस्कार सिंह राठौर, शुभंकर सिंह, शाहरुख खान, राकेश सिंह, अखिलेश मिश्रा, भूपेंद्र यादव, वैभव सिंह, अंशु रजक, सत्येंद्र सूर्या, नमन सिंह, दुष्यंत यादव, रूपेश गढ़वाल, दीपक कुरें, सौमित्र सिंह, जय सेवायक, पवन आर्या, राकेश जोशी, आलोक राठौर, अमन राठौर, जयदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि युवा कांग्रेस संगठन समाज के हर वर्ग की आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है। आने वाले आंदोलनों और कार्यक्रमों में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया और अंत में संगठन को एकजुट होकर मजबूती से खड़ा करने का संकल्प लिया गया।

## राजेश अग्रवाल बने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**जांजगीर चांपा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी में लंबे समय से प्रतीक्षारत जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर चांपा के अध्यक्ष पद की नयुक्तिआखिरकार कर दी गई है। जिसमें चांपा शहर के युवा नेता राजेश अग्रवाल को जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है।



शुक्रवार को की गई इस घोषित नियुक्ति के बाद पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि राजेश अग्रवाल के अनुभव, सहज व्यक्तित्व और संगठनात्मक क्षमता से जिले में कांग्रेस का ढांचा और मजबूत होगा तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ और व्यापक बनेगी। ज्ञात हो कि राजेश अग्रवाल नगर पालिका परिषद चंपा के अध्यक्ष भी रहे हैं जिनके कार्यकाल में अनेक विकास कार्य चांपा शहर में हुआ है। इस नई जिम्मेदारी मिलने पर नियुक्ति के बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल

राजेश अग्रवाल ने कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को सक्रिय, सशक्त और प्रभावी बनाने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जनता से सीधा संवाद बढ़ाने, स्थानीय मुद्दों पर संघर्ष तेज करने और पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चयन का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि जिले में पार्टी की गतिविधियाँ अब और गति पकड़ेंगी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह नियुक्ति राजेश अग्रवाल के व्यापक अनुभव, सरलता, कुशाग्र बुद्धि और राजनीतिक समझ को देखते हुए संगठनात्मक मजबूती की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# नगर में प्लास्टिक डिस्पोजल उपयोग करने वालों से वसूल रहे जुर्माना

**शिवरीनारायण।** नगर -पंचायत शिवरीनारायण में प्लास्टिक -डिस्पोजल उपयोग करने वालों के -खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर में किसी भी दुकानदार के द्वारा प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल करते पाए जाने पर नगर पंचायत द्वारा -जुर्माना की कार्रवाई की जा रही हैं।

साथ ही नगर में खुले में कचरा फेंकने वाले और खुले में शौच करने वाले लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। 5 कार्रवाई के पूर्व नगर पंचायत शिवरीनारायण के अध्यक्ष राहुल थवाईत ने सभी व्यापारियों, नागरिकों, र हॉटल संचालकों, मंगल भवन, टेंट संघ एवं नाविकों की बैठक लेकर प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की थी। नगर ने पंचायत के कर्मचारी लगातार नगर में न घूम कर प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल नहीं करने की अपील कर रहे हैं। जो दुकान मालिक समझाइश के बाद भी पालीथिन का इस्तेमाल करते मिल रहे हैं उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। नगर को



स्वच्छ रखने के लिए तीन स्वच्छता कमांडो टीम की तैनाती की गई है जो लगातार नगर में भ्रमण कर गंदगी फैलाने वाले और पालीथिन का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।

नगर पंचायत शिवरीनारायण में प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। नगर पंचायत टीम के सामूहिक प्रयास से नगर में इसका असर भी देखने को मिल रहा है। प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल कम हुआ है और चौक चौराहों में स्वच्छता दिखाई पड़ रही है। व्यापारिक एवं धार्मिक नगरी होने के कारण नगर में रोजाना हजारों की संख्या में लोग एवं पर्यटक आते हैं। लोगों में जन जागरूकता लाने के लिए जगह-जगह दीवारों पर प्लास्टिक डिस्पोजल प्रतिबंध का संदेश लिखवाया गया है। नगर भ्रमण में आए पर्यटकों को भी इसकी जानकारी दी जा रही है। महानदी में नौका विहार कराने वाले नाविकों को समझाइश दी गई है कि नाव में बैठने वाले पर्यटकों को प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल नहीं करने देना है और नदी में प्लास्टिक नहीं फेकना हैं। अध्यक्ष राहुल थवाईत ने नगर के सभी नागरिकों से अपील की है कि नगर को प्लास्टिक डिस्पोजल से मुक्त रखने में सभी सहयोग करें। गंदगी नहीं फैलाए, आसपास को स्वच्छ रखें और कोई यदि ऐसा कर रहा है तो जानकारी नपं के अधिकारी कर्मचारी को दे।

## एनएच 49 को फोरलेन में परिवर्तित करने के लिए सर्वे, बढ़ेगी सुविधा

**जांजगीर।** नेशनल हाईवे-49 पर बिलासपुर-अकलतरा-रायग ढ़ से ओडिशा बॉर्डर तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी, जिससे यातायात दबाव कम होगा। एक साल पहले बिलासपुर से रायगढ़ तक फोरलेन निर्माण को मंजूरी मिल चुकी है। अब इसके लिए सर्वे शुरू होने वाला है। लगभग 116 किलोमीटर लंबी यह सड़क फिलहाल टू-लेन है। सर्वे के बाद ड्राइंग-डिजाइन तैयार होगी और जमीन अधिग्रहण के बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। साल 2016 में बिलासपुर से रेगालपाली तक एनएचआई ने सड़क का नया निर्माण कराया था। बिलासपुर से अकलतरा तक सड़क फोरलेन है, लेकिन उसके बाद जांजगीर, चांपा, बाराद्वार, सक्ती होते हुए रायगढ़ तक सड़क टू-लेन है। इस वजह से हादसे होते रहते हैं। रायगढ़ से जांजगीर के बीच हाईवे पर भारी वाहनों का दबाव अधिक है। टू-लेन सड़क पर्याप्त नहीं थी। लंबे समय से फोरलेन की मांग हो रही थी, जिसे अब मंजूरी मिल गई है। फोरलेन में सर्विस रोड का प्रावधान होगा, इसलिए गांवों के पास सर्विस रोड और अंडरब्रिज भी बनाए जा सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी रायपुर में 83वें इंडियन रोड कांग्रेस अधिवेशन में शामिल हुए थे। उन्होंने बिलासपुर-अकलतरा-रायग ढ़ तक फोरलेन सड़क बनाने की घोषणा की थी और डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए थे। एनएच के एसडीओ अतुल राज पैगवार ने बताया कि रायगढ़ तक फोरलेन सड़क प्रस्तावित है। जल्द ही सर्वे होगा। कंपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया होगी। इस पर समय लग सकता है।सर्वे एक निजी कंपनी कराएगी। कंपनी रिपोर्ट तैयार कर रायपुर स्थित एनएचआई कार्यालय को भेजेगी। रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सुधार और जोड़-घटाव कर आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। बिलासपुर से अकलतरा, जांजगीर, सक्ती और रायगढ़ के बीच कई बड़ी बसाहटें हैं। तिलई, अमरतला, तरौद चौक, अजुनी, हथनेवरा, पुटपुरा, खोखरा चौक, मुनुंद चौक, सारागांव चौक सहित कई जगह हादसे का खतरा रहता है। फोरलेन बनने से हादसे कम होंगे।

## तहसील परिसर में अफसरों ने लगाए पौधे, देखभाल का जिम्मा भी लिया

**शिवरीनारायण।**

शिवरीनारायण क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिवरीनारायण तहसील परिसर में आज विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार टिकेंद्र नूरुटी, नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षक सहित विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने परिसर में छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और भविष्य में इन पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। पौधरोपण के दौरान तहसीलदार टिकेंद्र नूरुटी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।



## भूमि गाईडलाईन की दरों में 10 से 100 प्रतिशत बढ़ोतरी अनुचित:राजेश अग्रवाल

**जांजगीर चांपा।** जमीनों के गाईड लाइन दर बढ़ाने का कांग्रेस विरोध करती है, यह सरकार का अदूरदर्शी फैसला है। गाईडलाइन की दर बढ़ने से आम आदमी को परेशानी होगी, लोगों का मकान, दुकान, फैक्ट्री बनाने का खर्च बढ़ जायेगा। भूमि की खरीदी-बिक्री बंद हो जायेगी या कम हो जायेगी, बेरोजगारी बढ़ेगी।

उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कही।

उन्होंने कहा कि पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं हुआ कि एक साल में जमीन की गाईडलाईन 130 से 500 प्रतिशत तक बढ़ा दी गयी हो। मुंबई, हैदराबाद, दिल्ली, पुणे जैसे एवं अन्य बड़े शहरों में भी जमीन की गाईडलाईन की दर एक बार में 10 से 15 प्रतिशत ही बढ़ाई जाती है।

जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि पिछले हफ्ते ही सरकार ने निवेश क्षेत्र में कृषि भूमि की रेट की गणना में परिवर्तन किया, यदि एक किसान को एक एकड़ जमीन बेचना है तो शुरूआत के 15 हजार वर्ग फीट तक वर्ग फीट के हिसाब से स्टांप ड्यूटी देना होगा तथा उसके बाद की जमीन पर हेक्टेयर के दर से स्टांप ड्यूटी देनी होगी।

प्रदेश के कई शहरों के आसपास कुछ जगह ऐसी भी स्थिति बन गयी है कि अगर कोई 1000 फीट जमीन की खरीदी 6 लाख रु. में करता है तो उसे 4 लाख 40 हजार रु. रजिस्ट्री शुल्क चुकाना होगा, ऐसे गरीब आदमी मकान कैसे बनायेगा? उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके कारण गरीब आदमी मकान नहीं बना पा रहे हैं। गुजराती राजेश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री शुरू कर तथा गाईड लाईन की दर में 30 प्रतिशत छूट कर प्रदेश में रियल स्टेट सेक्टर में प्राण फूंका था। यही कारण था कि कोरोना के समय भी छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। वर्तमान सरकार के निर्णय से बेरोजगारी बढ़ेगी, अर्थव्यवस्था तबाह होगी, रियल स्टेट में गिरावट आयेगी।

सरकार का आर्थिक प्रबंधन फेल हो गया है। सरकार के पास अपनी योजनाओं को चलाने के लिए पैसा नहीं है इसीलिए सरकार विभिन्न मदों में टैक्स बढ़ा कर जनता पर बोझ थोप रही है। इस अवसर पर रमेश पैगवार,आभास बोस,टिंकू मेमन,रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, नागेंद्र गुप्ता, बुटू देवांगन उपस्थित थे।

## हार्वेस्टर की चपेट में आए युवक की मौत

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा के वार्ड नंबर 3 निवासी दीपेश कुमार निर्मलकर (26) की बिलासपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 28 नवंबर को हुई जब वह अपने खेत में हार्वेस्टर से धान मिसाई का काम करवा रहा था। दोपहर करीब 3 बजे दीपेश हार्वेस्टर की चपेट में आ गया, जिससे उसके सिर, छाती और पैर में गंभीर चोटें आईं। सिम्स बिलासपुर रेफर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



## 7 जगहों पर छापेमारी 375 बोरा धान जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के सख्त निर्देश पर खाद्य विभाग और मंडी की संयुक्त टीम ने कोचियों-बिचौलियों पर नकेल कसने के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में बीते दिवस जिले के सात अलग-अलग स्थानों पर छापेमार कार्रवाई की गई। टीम ने अवैध धान की आवक रोकने के उद्देश्य से सघन निरीक्षण किया और कुल 375 बोरा (लगभग 150 क्विंटल) धान मंडी अधिनियम के तहत जब्त किया। टीम ने कोचियों और किराना दुकानों में अवैध रूप से संग्रहित धान को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण तैयार किया है। कार्रवाई के दौरान लाल साहू, लटिया से 50 बोरा, राजेंद्र साहू, पनगांव से 50 बोरा, उमेश कुमार, कटनई से 52 बोरा, नारायण प्रसाद, सांकर से 35 बोरा, भुनेश्वर किराना, पेण्ड्री से 38 बोरा, सोनी किराना, किरीत से 75 बोरा और फर्म श्यामलाल, अवरीद से 75 बोरा धान जब्त किया गया।

## पेण्ड्रा में शीतकहर, पारा 9 डिग्री तक पहुंचा

**पेण्ड्रा।** जीपीएम जिले में इस वर्ष नवंबर माह में ठंड ने पिछले कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मैकल पर्वत श्रृंखला की तराई में स्थित होने के कारण जीपीएम में कंपकंपाने वाली ठंड पड़ रही है। शनिवार की सुबह 5:30 बजे पेण्ड्रारोड मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा।उत्तर-पूर्वी दिशा से आ रही शुष्क और ठंडी हवाओं के कारण दिनभर गलन महसूस की गई, जिससे लोगों को दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। जिले के सबसे ऊंचे पर्यटन स्थल राजमेढ़गढ़ और अमरकंटक में न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि अगर शीत लहर इसी तरह जारी रही तो दिसंबर और जनवरी में ठंड और बढ़ सकती है। शीत ऋतु में संभावित शीतलहर और अत्यधिक ठंड के जोखिमों से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी शुरू कर दी है।

# सामग्री खरीदी में गड़बड़ी तीन बीईओ निलंबित

**सक्ती।** स्वच्छता सामग्री खरीदी के मामले में अनियमितता बरतने वाले तीन - बीईओ को निलंबित कर दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर ने शिकायत की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की है।

जिला सक्ती में शासकीय विद्यालयों के लिए स्वच्छता सामग्री की खरीद में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है। कार्रवाई करते हुए तीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक शिक्षा, बिलासपुर संभाग की विस्तृत जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने मामले की शिकायत की थी। सक्ती जिले के अंतर्गत डभरा, मालखरौदा और जैजैपुर में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की अनियमितता को उजागर करते हुए शिकायत की गई थी। शिकायत की जांच संयुक्त संचालक द्वारा की गई। जांच में नियमों की खुली अवहेलना, बिना भौतिक सत्यापन के खरीद और गुणवत्ताहीन सामग्री की आपूर्ति जैसे गंभीर तथ्य उजागर हुए। जांच में पाया गया कि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डभरा श्यामलाल वारे, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर वी.के. सिदार और तत्कालीन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मालखरौदा टी.एस. जगत ने सरकारी विद्यालयों के लिए स्वच्छता सामग्री की खरीद में भण्डार क्रय नियमों, आदेश की शर्तों और गुणवत्ता मानकों का अनुपालन नहीं किया। न केवल भौतिक सत्यापन अनुपस्थित था बल्कि कम गुणवत्ता वाली सामग्री को अधिक कीमत में खरीदा गया, जिससे शासन को आर्थिक क्षति पहुंचने की पुष्टि हुई। जाच रिपोर्ट में पाई गई अनियमितताओं को गंभीर कदाचार मानते हुए शासन ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत तीनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर ने डभरा बीईओ श्यामलाल वारे, जैजैपुर बीईओ वी.के. सिदार और मालखरौदा के तत्कालीन बीईओ टी.एस. जगत के निलंबन का आदेश जारी किया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सक्ती निर्धारित किया गया है। शासन ने स्पष्ट कहा है कि अधिकारियों का यह आचरण सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत पाया गया। इस कार्रवाई को जिले के अन्य अधिकारियों के लिए एक सबक के रूप में देखा जा रहा है।

## शराब बिक्री पर रोक लगाने महिलाओं ने थाने में दिया ज्ञापन

**बरमकेला।** ग्राम पंचायत परसदा छोटे में अवैध शराब की बिक्री को रोकने के लिए सरपंच सहित महिलाओं और ग्रामीणों ने कनकबीरा थाना में ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि शराब बिक्री के कारण घरों में महिलाओं को घरेलू हिंसा का सामना करना पड़ रहा है और गांव का माहौल लगातार बिगड़ रहा है। महिला सरपंच कौशल्या सत्येंद्र सिदार ने कहा कि शराब के कारण छोटे बच्चों और युवाओं पर गलत असर पड़ रहा है। महिलाओं के साथ हिंसा की शिकायतें बढ़ रही हैं। उन्होंने मांग की कि गांव में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह बंद की जाए ताकि सामाजिक वातावरण सुधर सके।

## ओव्हर ब्रिज से नीचे गिरी चार पहिया गाड़ी, चालक सुरक्षित



**जांजगीर।** खोखसा ओवरब्रिज पर शुक्रवार देर रात बाइक और कार में जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक ओवरब्रिज से नीचे गिर गई, जबकि बाइक सवार युवक पुल पर ही गिरा। उसके दोनों पैरों, सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बिलासपुर रेफर कर दिया गया।

जांजगीर निवासी सागर सिंह किसी काम से चांपा गए थे और शुक्रवार रात लौट रहे थे। इसी दौरान जांजगीर से कार में सवार दंपती इलाज करवाकर जैजैपुर जा रहे थे। जैसे ही दोनों वाहन ओवरब्रिज के ब्रेक के पास पहुंचे, वे टकरा गए। टक्कर के बाद सागर हवा में उछलकर पुल पर गिरा, जबकि उसकी बाइक नीचे जा गिरी। सागर को गंभीर चोटें आईं। कार में चालक और उसकी पत्नी बैठे थे। भीषण टक्कर के बावजूद कार में लगे एयरबैग खुलने से दोनों सुरक्षित रहे। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। गर्भवती है महिला कार में सवार आशीष मरावी, उनकी गर्भवती पत्नी और बच्चा पूरी तरह सुरक्षित हैं। आशीष मरावी ने बताया कि वे अपनी गर्भवती पत्नी के इलाज के लिए जांजगीर आए थे। रास्ते में हादसा हो गया।

## गाइड लाईन दरें बढ़ी, कांग्रेस ने प्रदर्शन के साथ जलाया पुतला

**जांजगीर-चांपा।** राज्य सरकार द्वारा जमीन की गाइडलाइन दरों में की गई बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। कचहरी चौक पर कांग्रेस विधायकों और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ पुतला जलाया। यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित किया गया था।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने गाइडलाइन दरों में वृद्धि को जनता विरोधी निर्णय बताया। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि नई गाइडलाइन के कारण जमीन आम जनता की पहुंच से बाहर हो जाएगी और इससे समाज का हर वर्ग प्रभावित होगा।

जमीन दरों के फैसले को वापस न लेने तक आंदोलन रहेगा जारी

नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार इस निर्णय को वापस नहीं लेती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। कांग्रेस ने इस आंदोलन को जनता की लड़ाई बताया, जिसमें हर उस व्यक्ति की आवाज शामिल है जो इस फैसले से प्रभावित होगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाया



प्रदर्शन के दौरान एसडीओपी कविता ठाकुर अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद थीं। हालांकि, पुलिस पुतले को जलने से रोकने में विफल रही। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच हल्की झड़प भी हुई।

पुलिस न तो पुतले को छीन सकी और न ही उस पर पानी डालकर आग बुझा सकी। बाद में कांग्रेस नेताओं ने स्वयं जलता हुआ पुतला पुलिस को सौंप दिया।

# हाथियों ने किसानों की फसल चौपट की

## नियंत्रण करने का मामला केवल हवा हवाई, रोज आ रहे नतीजे

**सक्ती।** जिले में जंगली हाथियों का विचरण जारी है। जिले के बासीनपाट और सोनगुढ़ा गांवों में 13-13 हाथियों के दो बड़े झुंड देखे गए हैं। इनके लगातार विचरण से ग्रामीण क्षेत्रों में भय का माहौल है।हाथियों के खेतों से गुजरने के कारण किसानों की धान और अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई खेतों में फसलें पूरी तरह से रौंद दी गई हैं।ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित



करने के लिए वन विभाग की टीम लगातार मुनादी कर रही है। विभाग लोगों से हाथियों से दूर रहने और सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

**ड्रोन कैमरों से की जा रही निगरानी**

हाथियों की वास्तविक स्थिति और उनके विचरण की दिशा का पता लगाने के लिए वन विभाग ड्रोन कैमरों से निगरानी कर रहा है। इसका उद्देश्य समय रहते ग्रामीणों को सतर्क करना है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द उचित कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे फसलों के नुकसान और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा।

## अनमोल वचन......

संसार को कौल प्रकाश देगा, अतीत का आधार त्याग ही था और भविष्य में सम्पन्न सैकड़ों बुद्धों की आवश्यकता है।

# कानून की परिभाषा अक्सर बदल जाती है

पुनरीक्षण याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने 2-1 के बहुमत से मई में दिए गए फैसले को पलट दिया है। नतीजतन, पर्यावरण मंजूरी की बिना परवाह किए काम शुरू करो और बाद में मंजूरी ले लो- यह चलन जारी रहेगा।

कानून यह है कि कोई किसी भी निर्माण परियोजना पर काम पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने के बाद ही होना चाहिए। मगर सरकार ने पहले 2017 में एक अधिसूचना और फिर 2021 में ऑफिस मेमॉरेंडम के माध्यम से प्रावधान कर दिया कि बिना पर्यावरण संबंधी हरी झंडी लिए जिन परियोजनाओं पर काम आगे बढ़ चुका है, उन्हें बाद में ऐसी मंजूरी दी जा सकेगी। मुद्दा है कि कोई परियोजना जब पर्यावरण को क्षति पहुंचा चुकी हो, तो फिर उसे मंजूरी देने या ना देने की क्या अहमियत है? बहरहाल, सरकार ने ऐसा प्रावधान किया, तो उसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। इस वर्ष मई में सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रावधान को रद्द कर दिया।

दो जजों की बेंच ने उचित निर्णय दिया कि ऐसा करना कानून और उसकी भावना के खिलाफ है। मगर चूंकि इस फैसले से बड़े- बड़े हित प्रभावित हो रहे थे, तो पुनरीक्षण याचिका पर कोर्ट ने तीन जजों की बेंच बनाई। अब उस बेंच ने 2-1 के बहुमत से मई में दिए गए फैसले को पलट दिया है। यानी पर्यावरण मंजूरी की बिना परवाह किए काम शुरू करो और बाद में मंजूरी ले लो- यह चलन जारी रहेगा। मई में फैसला देने वाली बेंच में शामिल रहे जज जस्टिस उज्जल भुइंया नई बेंच में भी थे। उन्होंने असहमत फैसला दिया। इसमें उचित ही उन्होंने दिल्ली में छाये स्मॉग का उदाहरण देते हुए देश में गहराते जा रहे पारिस्थितिकीय संकट का हवाला दिया।

उन्होंने इस दलील को ठुकरा दिया कि मई का फैसला लागू रहने पर अरबों रुपये का निर्माण तोड़ना होगा, इसलिए फैसले को उलट दिया जाए। लेकिन बाकी दो जजों ने 20 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति के दांव पर लगे होने का तर्क देते हुए निर्णय को पलट दिया। वैसे उनके सामने विकल्प यह भी था कि कानून के हुए उल्लंघन पर भारी जुर्माना लगाते, उल्लंघन होने देने के दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करते, और निर्णय देते कि आगे से ऐसा करने की अनुमति नहीं होगी। संदेश साफ है, जब धनी-मानी लोगों के हित जुड़े हों, तो अक्सर कानून की परिभाषा बदल जाती है!

## राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है।

वृष राशि- आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। ज

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे।

सिंह राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे।

कन्या राशि- आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी।

तुला राशि- आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

धनु राशि- आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे। व्यापार में उन्नति की संभावना है।

मीन राशि- आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# अब कोई पुराने वादों को याद नहीं करता

//अजीत द्विवेदी//

**कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2013 का एक वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर किया है। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत पर चिंता जता रहे थे। उस समय सिर्फ नरेंद्र मोदी ही नहीं, बल्कि भाजपा के दूसरे नेता भी कहते थे कि रुपए की कीमत गिरने का मतलब होता है देश की प्रतिष्ठा गिरना। ध्यान रहे उस समय एक डॉलर की कीमत 60 रुपए के करीब थी। आज जब एक डॉलर की कीमत 90 रुपए के करीब पहुंच गई है तो कांग्रेस के नेता और सोशल मीडिया में कांग्रेस इकोसिस्टम के लोग पुराने वीडियो या सोशल मीडिया पोस्ट निकाल कर सार्वजनिक कर रहे हैं। इसी क्रम में जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी का वीडियो साझा किया तो एक कांग्रेस समर्थक ने आर्ट ऑफ लिविंग वाले रविशंकर की पोस्ट साझा की, जिसमें वे नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर डॉलर की कीमत 40 रुपए हो जाने की उम्मीद जता रहे थे।**

इसी तरह पेट्रोल और डीजल की कीमतों को लेकर पुरानी बातें भी याद दिलाई जा रही हैं। लोग सोशल मीडिया में शेयर कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साथ अमिताभ बच्चन से लेकर अक्षय कुमार और बाबा रामदेव तक का मजाक बना रहे हैं। एक समय था जब फिल्म और क्रिकेट के सितारों सहित रामदेव जैसे लोग इस बात से परेशान रहते थे कि पेट्रोल की कीमत 60 रुपए प्रति लीटर हो गई है और अब आम आदमी का काम कैसे चलेगा। एक अभिनेता ने तो लिखा था कि उनके ड्राइवर को बड़ी मुश्किल हो गई है और उन्होंने ड्राइवर को साइकिल से चलने के लिए कहा है। लेकिन अब पेट्रोल की कीमत एक सौ रुपए प्रति लीटर है और किसी के ड्राइवर को समस्या नहीं हो रही है।

ऐसा नहीं है कि सिर्फ रुपए के कमजोर होने या पेट्रोल की कीमत बढ़ने को लेकर विपक्षी पार्टियों के नेता या उनके समर्थक देश के नागरिकों की याद्दाश्त के ताले खोलने की कोशिश कर रहे हैं। कई और मामलों में ऐसा करने की कोशिश हो रही है। विदेशों में जमा काला धन लाने की बात उनमें से एक है। ध्यान रहे प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर नरेंद्र मोदी ने 2014 में कहा था कि विदेशों में भारत का इतना काला धन जमा है कि अगर वह वापस आ जाए तो हर भारतीय के खाते में 15-15 लाख रुपए आ सकते हैं। उनका संकल्प था काला धन विदेश से लाना है। लेकिन बाद में पता चला कि जितना बताया जा रहा उसके एक प्रतिशत के बराबर भी काला धन बाहर नहीं है और यह भी पता चला कि जो है वह भी काला धन नहीं है। उसमें बढ़ोतरी होने की खबरें भी गाहेबगाहे आती रहती हैं।

बहरहाल, लोगों को महंगाई से लेकर महिलाओं की सुरक्षा और नोटबंदी के बावजूद बाजार में नकदी की उपलब्धता से लेकर अर्थव्यवस्था के ग्राफ तक सबकी याद दिलाई जा रही है। सोचें, नकदी की मात्रा कम करने के लिए नोटबंदी की गई थी और आज उस समय के मुकाबले दोगुनी नकदी बाजार में मौजूद है। यही हाल देश की अर्थव्यवस्था का है। आत्मनिर्भर भारत और 2047 तक विकसित भारत बनाने के तमाम नैरेटिव के बीच हकीकत यह है कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से आयात पर आधारित होती जा रही है, जिससे भारत का व्यापार घाटा तेजी से बढ़ रहा है। रॉकेट की रफ्तार से भारत का व्यापार घाटा बढ़ रहा है। पिछले साल यानी 2024 के सितंबर में भारत का व्यापार घाटा 24.65 अरब डॉलर था। यह एक महीने का घाटा था। अगले साल सितंबर का आंकड़ा आया तो साल दर साल के मुकाबले इसमें आठ अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी और सितंबर 2025 में भारत का व्यापार घाटा बढ़ कर 32.15 अरब डॉलर हो गया था। लेकिन एक महीने बाद अक्टूबर 2025 का व्यापार घाटा हैरान करने वाला था। हाल में आए आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर में भारत का व्यापार घाटा बढ़ कर 41.68 अरब डॉलर हो गया। अगर यह औसत है तो इसका मतलब है कि साल में पांच सौ अरब डॉलर का व्यापार घाटा! अकेले चीन से भारत का व्यापार घाटा एक सौ अरब डॉलर से ज्यादा हो गया है।

सोचें, इस रफ्तार से भारत की अर्थव्यवस्था आयात पर निर्भर होती जाएगी और निर्यात के मुकाबले आयात का अंतर बढ़ता जाएगा तो कहां से आत्मनिर्भरता आएगी और क्या विकास होगा। अभी बहुत उथलपुथल नहीं होने के बावजूद रुपए की कीमत में बड़ी गिरावट देखने को मिल रही है एक डॉलर 89 रुपए का हो गया है। सवाल है कि अब क्यों किसी को रुपए की कीमत गिरने पर शर्म नहीं आ रही है या पेट्रोल की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर होने के बावजूद किसी को समस्या नहीं हो रही है या काला धन नहीं आने और नकदी बढ़ते जाने पर भी कोई परेशान क्यों नहीं हो रहा है। क्या देश की सामूहिक याद्दाश्त इतनी कमजोर हो गई है कि लोग 11 साल पहले की सारी बातें, सारे वादू भूल चुके हैं। यह सही है कि लोगों की याद्दाश्त कमजोर होती है और खास कर राजनेताओं के वादों के मामले में। लेकिन इस तरह से लोग सब कुछ भूल जाएं यह भी अनोखी बात है।

अब कोई पुराने वादों को याद नहीं कर रहा है, कोई पुराने मुद्दे नहीं उठा रहा है, किसी को परवाह नहीं है क्योंकि उनके सामने हर दिन नया वादा आ रहा है, हर दिन नया मुद्दा आ रहा है, हर दिन नई झांकी सजाई जा रही है, हर दिन नई समस्या खड़ी की जा रही है, हर दिन नया दुश्मन पैदा किया जा रहा है और लोग इसी में उलझे रह रहे हैं। इन सबके बीच सरकारी मदद पर आधारित जीवनयापन की योजनाएं यानी सर्वाइवल की स्कीम्स चल रही हैं और जनता उसी में मगन है। जनता प्रभु के दर्शन करने मंदिरों में जा रही है या सस्ते डाटा के जरिए घर बैठे प्रभु के दर्शन कर रही है और प्रभु की पताका आसमान में लहराते देख कर खुश हो रही है। जब धर्म ध्वजा आसमान में लहरा रही हो तो रुपए की गिरती कीमत, पेट्रोल के बढ़ते दाम और बढ़ते व्यापार घाटे के बारे में बात करना धर्म विरोधी, देश विरोधी माना जा सकता है।

# सबसे साधारण काम–सोचना–सबसे विद्रोही क़दम

//श्रुति व्यास//

**कभी समय था जब सियासी असहमति का मतलब बहसबाजी थी। तथ्य तौलने के लिए रखे जाते थे। तब तर्कों की कसौटी होती थी, और गर्मागर्म बहस में भी सामने वाले की सोच के प्रति सम्मान होता था। वह समय अब मानों प्रागैतिहासिक काल है। ईमानदारी से सोचना भी अब दुश्मन बनाना है। असहमति मानो युद्ध की घोषणा हो। और यदि कोई व्यक्ति बारिक मनोभाव में बात रखे, न्यूआंस दिखाए तो वह हर पक्ष की नज़रों में तुरंत संदिग्ध बन जाता है। मतलब यह कि विचारों की कोई यदि अलग-अलग परतदार दृष्टि रखे तो वह अजनबी हो जाएगा। इसलिए राजनीतिक पहचान में अब या तो काला है या सफेद। जो लिखना या कहना है वह शुद्ध, साफ़ और दो टूक ढंग से होना चाहिए।**

इससे सभी तरफ अजीब सा नजारा है। खासकर उन लोगों के लिए जो अब समझ से बाहर है। जिन्हें आप कभी विवेकशील मानते थे। आप यदि कोई संतुलित बात कहते हैं तो वह 'छिपे धोखे' की तरह पढ़ी जाती है। आप किसी विरोधाभास की ओर संकेत करते हैं, तो आपको खेमे बदलने का आरोपी बना दिया जाता है। यह वह मसला है जो धीरे-धीरे थका देता है, जब तक कि आप कम बोलने नहीं लगते–डर से नहीं, बल्कि इसलिए कि बातचीत ही बेमतलब हो जाती है। तभी अब संवाद नहीं, दिखावा हैं। तर्क नहीं, भूमिकाएँ हैं, ।

एक पक्ष चाहता है आप ऐसा सोचें। और दूसरे खेमे से वही पुरानी बाते- यह सब चुनाव आयोग का खेल है। महिलाओं के खातों में पैसे डाल दिए। सब धांधली है–एक दिन सच सामने आएगा।

हाँ, एक दिन सब देखेंगे–बस उस नाटकीय, सत्य-उजागर करने वाले अंदाज़ में नहीं। जो हम देखेंगे वह कहीं ज्यादा साधारण और ज्यादा दुखद होगा। देखेंगे कि जब हर कोई अपने-अपने पक्ष की भविष्य की जीत का अनुमान लगाने में व्यस्त था, तब वर्तमान चुपचाप और बेरहम होता चला गया। सो एक दिन कोई रहस्योद्घाटन नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन की जगह चुना हुआ एक छलावा, बहाना है।

इसके बावजूद 'क्या हो सकता था' की लगातार बौछार जारी रहती है। हर हार साज़िश में बदल जाती है; हर जीत अवैध घोषित। विपक्ष के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के बजाय उसे एक स्थायी पीड़ित कथा में बदल दिया जाता है–एक ऐसी दुनिया का शिकार जहाँ सब कुछ उसके खिलाफ़ 'फिक्स' है। और तब तर्क अचानक दुश्मनी बनाते है इसलिए कि वे तयशुदा कथा में फिट नहीं बैठते।

और इसी शोर के बीच कुछ बदलने लगता है। कुछ आवाज़ें–धीमी, अनपेक्षित एक स्वीकारोक्ति। यह कि मोदी अब भी एक मज़बूत राजनीतिक शक्ति हैं। स्वीकारोक्ति कि वैश्विक मंच पर भारत की चमक बढ़ी है। स्वीकारोक्ति कि फिलहाल कोई विपक्षी नेता उनसे टक्कर नहीं ले पाता। स्वीकारोक्ति कि भाजपा का संगठनात्मक विस्तार और सांस्कृतिक पकड़ उसके किसी प्रतिद्वंद्वी से कहीं आगे है। और फिर यह दबी हुई मान्यता कि अगले दशक तक भाजपा शायद अडिग रहे।

यह स्वीकारोक्ति है, नई प्रशंसा है, या थकान , निराशा की अभिव्यक्ति। अब सुनने में आता है कि जो लोग कभी अपने को निष्पक्ष मानते थे, वही अब उसी स्वीकृत सूची को दोहरा रहे हैं–आयोग, ट्रांसफर, धांधली, अनिवार्यता। वे सोचते हैं कि वे कथा का प्रतिरोध कर रहे हैं, जबकि प्रतिरोध भी अब एक तयशुदा ढांचे में हो रहा है–एक जैसी भाषा, एक जैसे वाक्य, मानो असहमति का भी एक मैनुअल हो गया हो। यहीं से नई रूढ़ियाँ जन्म लेती हैं। सेंसरशिप से नहीं–दोहराव से। रोम को सीनेट को चुप कराने के लिए सम्राटों की ज़रूरत नहीं थी; सीनेट ने खुद सम्राटों की तरह बोलना सीख लिया। सोवियत राज्य ने वफ़ादारी पैदा नहीं की; उसने अलग सुनाई देने के डर को पैदा किया। और भारत ने यह पहले भी देखा है–आपातकाल के बाद, जब इंदिरा की आलोचना जोखिमपूर्ण लगती थी, राजीव के शुरुआती वर्षों में, जब उनकी आलोचना को बेवफ़ाई माना जाता था।

सो हर खास वक्त, युग अपनी स्वीकार्य असहमति के टेम्पलेट गढ़ लेता है। और शायद हमारा टेम्पलेट आज बाहर से आयात है। जैसे भारत के मौजूदा समय को एंटी-वोक क्षण कहने का आग्रह–एक शब्द जो अमेरिकी सांस्कृतिक युद्धों से यहाँ उतर आया है। लेकिन भारत में अमेरिकी वोकनेस जैसा कुछ नहीं है; हम सर्वनामों, लैटिनक्स या क्रिटिकल रेस थ्योरी पर नहीं लड़ते। हमारे यहाँ जो है वह अधीरता है–अभिजात उपदेशों से, उन प्रगतिवादियों से जिनकी भाषा अधिकांश भारतीयों को परायी लगती है, उन लोगों से जो स्थानीय वास्तविकता से ज़्यादा वैश्विक सहीपन में जीते हैं। इसे एंटी-वोक कहना भारतीय बेचैनी पर अमेरिकी फ्रेम थोपना है। हमारा संघर्ष पहचान का नहीं, दूरी का है।इसीलिए यह क्षण विद्रोह जैसा नहीं, बल्कि एक नई रूढ़ि के उभार जैसा लगता है–जहाँ सत्ता-विरोध भी केवल एक स्वीकृत अंदाज़ में ही किया जा सकता है। जहाँ आलोचना पैक होकर आती है। जहाँ असहमति अब स्वतंत्र सोच नहीं, बल्कि क्यूरेटेड परफ़ॉर्मेंस बन गई है। और शायद यही इस दौर की सबसे विचित्र बात है–जो लोग सत्ता के प्रतिरोध का दावा करते हैं, वे अब एक-दूसरे की तरह सुनाई देने लगे हैं। इसलिए नहीं कि वे सही हैं, बल्कि इसलिए कि अनुरूपता ने बस दायरा बदल लिया है। और शायद इसी वजह से सबसे साधारण काम–सोचना–सबसे विद्रोही क़दम बन गया है।हम बहस के ढहने से शुरू हुए थे और पहुँच गए हैं उस समय में जहाँ तर्क पहले से चबाकर परोसे जाते हैं और राय पहले से मंज़ूरशुदा होनी चाहिए। त्रासदी यह नहीं कि लोग चिल्लाते हैं, त्रासदी यह है कि वे रटी हुई पंक्तियाँ चिल्लाते हैं। एक ओर के आरोप और दूसरी ओर की साज़िशों के बीच, स्वतंत्र सोच के लिए जगह एक पतली दरार तक सिकुड़ गई है। और उसी दरार में हमारे समय की असल कहानी छिपी है–उन लोगों का शांत अलगाव जो किसी स्क्रिप्ट को मानने से इंकार करते हैं। उन बातचीतों में अजनबी बन जाने का अहसास जिनसे आप कभी जुड़े थे।

# वंदे मातरम, जय हिंद नारों को लेकर राज्यसभा सचिवालय ने जो कहा वो ठीक है या विपक्ष के आरोप सही हैं?

वंदे मातरम को लेकर विवाद के बीच, विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि यह दिशानिर्देश नया नहीं है बल्कि संसद की पुरानी परंपरा का हिस्सा है। 1948 में संविधान सभा के अध्यक्ष ने सदन में किसी भी प्रकार के नारे– 'थैंक यू', 'जय हिंद', 'वंदे मातरम', को अनुपयुक्त बताया था।वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देशभर में जारी कार्यक्रमों की श्रृंखला के बीच ही राष्ट्रीय गीत को लेकर एक नई राजनीतिक बहस छिड़ गई है। दरअसल, राज्यसभा सचिवालय द्वारा जारी एक प्रोटोकॉल नोट को विपक्षी दलों ने ''वंदे मातरम विरोध'' की कोशिश बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। यह विवाद उस समय उभरा जब एक संसदीय बुलेटिन में सांसदों को यह याद दिलाया गया कि सदन के भीतर किसी भी प्रकार के नारे– चाहे 'जय हिंद', 'वंदे मातरम' हो या अन्य, लगाना संसदीय शिष्टाचार के विरुद्ध है। विपक्ष ने इसे आधार बनाकर केंद्र सरकार पर राष्ट्रगीत और देशभक्ति के नारों पर रोक लगाने का आरोप लगाया।कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ''आखिर 'वंदे मातरम' और 'जय हिंद' जैसे नारे लगाने में आपत्ति किस बात की है। ब्रिटिश शासन को तो इन नारों से समस्या थी, क्या अब भाजपा को भी वही समस्या हो गई है।'' उन्होंने कहा कि वंदे मातरम को ब्रिटिश शासन ने कई बार प्रतिबंधित किया था और इसे गाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार तक किया गया था।इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस विवाद में कूदते हुए चिंता जताई कि संसद में ''जय हिंद'' और ''वंदे मातरम'' पर कथित रोक क्या बंगाल की पहचान को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, वंदे मातरम हमारा राष्ट्रगीत है, इसे कैसे भुलाया जा सकता है।'' दूसरी ओर, विवाद के बीच, विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया है कि यह दिशानिर्देश नया नहीं है बल्कि संसद की पुरानी परंपरा का हिस्सा है। 1948 में संविधान सभा के अध्यक्ष ने सदन में किसी भी प्रकार के नारे– 'थैंक यू', 'जय हिंद', 'वंदे मातरम', को अनुपयुक्त बताया था।

1962 में लोकसभा में भी यही परंपरा दोहराई गई, जब स्पीकर ने नारेबाज़ी को ''जनसभा जैसा व्यवहार'' करार दिया था। ये नियम दशकों से प्रचलित हैं और हर सत्र से पहले जारी होने वाले बुलेटिन में इनका उल्लेख किया जाता रहा है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच यह तथ्य भी स्पष्ट है कि बुलेटिन किसी भी सरकार के निर्देश पर नहीं बल्कि सदन के सभापति या अध्यक्ष की परंपरागत अधिकारिता के तहत जारी किया जाता है और इसका उद्देश्य केवल संसदीय मर्यादा बनाए रखना है। देखा जाये तो राज्यसभा सचिवालय के एक नियमित नोट को लेकर जिस प्रकार विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और ममता बनर्जी, ने केंद्र सरकार पर ''वंदे मातरम विरोध'' का आरोप लगाया है, वह तथ्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद का उदाहरण है। संसदीय परंपराएँ किसी दल की ''मर्जी'' से नहीं, दशकों की संवैधानिक प्रक्रिया से बनती हैं। 1948 से लेकर आज तक सदन के भीतर नारे लगाने पर रोक सिर्फ इसलिए है कि संसद जनसभा नहीं, यहाँ तर्क, विमर्श और गरिमा की अपेक्षा होती है। यह परंपरा तब भी लागू थी जब कांग्रेस सत्ता में थी, आज भी लागू है।

## तस्वीरों की दुनिया



चेन्नई के कासिमेदु फिशिंग हार्बर पर साइक्लोन दितवाह के कारण तेज़ हवाओं के बीच किनारे पर खड़ी नावें।



नई दिल्ली में लाल किला ब्लास्ट केस के सिलसिले में एक आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में लाया जा रहा है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डी. के. शिवकुमार के साथ राज्य में चल रहे लीडरशिप के मुद्दे के बीच बेंगलुरु में अपने घर कावेरी पर ब्रेकफ़ास्ट मीटिंग के दौरान।



एनडीआरएफ के जवान भारतीय मानवीय सहायता की एक खेप के साथ ऑपरेशन सागर बंधु के तहत चक्रवात प्रभावित श्रीलंका पहुंचे।



लाल किला ब्लास्ट केस में एक आरोपी, चेहरा ढके हुए, नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेशी के दौरान। इस केस के सिलसिले में शनिवार को चार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया।



समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को लखनऊ में पार्टी ऑफिस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए।



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राजस्थान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी इंचार्ज सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, कांग्रेस नेता सचिन पायलट और अन्य लोग को जयपुर में राज्य कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में 'वोट चोर गड्डी छोड़' मेगा रैली और स्क्रकैंपेन की तैयारियों के बारे में पार्टी मीटिंग के दौरान।

# उत्तर भारत में सर्दी का सितम जारी, चक्रवात दितवाह की भारत में दस्तक, तटीय राज्य हाई अलर्ट पर




**नई दिल्ली 30 नवंबर।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी, शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप जारी है, जिसमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश (यूपी), और पंजाब सबसे अधिक प्रभावित हैं। मौसम विभाग ने इन क्षेत्रों के लिए अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पंजाब में अगले कुछ दिनों तक शीतलहर की स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान लगाया है। दिल्ली, यूपी, हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में न्यूनतम तापमान गिरकर एक अंक में (सिंगल डिजिट) पहुंच गया है। इन क्षेत्रों में गलन वाली ठंड और घना कोहरा छाने की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा/धुंध रह सकता है।पहाड़ी राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड) में तापमान शून्य से नीचे चला गया है, जिससे मैदानी इलाकों में ठंडी हवाएं आ रही हैं। न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बहुत संभावितहै। चक्रवाती तूफान दितवाह ने श्रीलंका में भारी तबाही मचाई है और अब यह भारत के दक्षिणी तटों की ओर बढ़ रहा है, जिससे तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया है। चक्रवाती तूफान दितवाह आज सुबह तटीय राज्यों तक पहुंचेगा। वहीं, तमिलनाडु, पुडुचेरी आदि राज्यों में रात ही लगातार बारिश हो रही है। आईएमडी ने तमिलनाडु और पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया है। कुछ जगह अत्यधिक तेज बारिश की आशंका जताई है। इस बीच श्रीलंका में दितवाह के प्रकोप से मरने वालों की संख्या 153 पर पहुंच गई है। राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। भारत ने भी मुश्किल वक्त में सबसे पहले पड़ोसियों का हाथ थामने की अपनी छवि के अनुरूप आपरेशन सागर बंधु चलाते हुए राहत कार्यों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

तमिलनाडु के राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री केकेएसएसआर रामचंद्रन ने बताया कि तटीय क्षेत्रों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 28 टीमें तैनात की गई हैं। राज्य भर में 6000 शिविर स्थापित किए हैं।

मौसम विभाग ने कांचीपुरम, चेन्नई, चेंगलपट्टू, वेल्लोर, तिरुपत्तुर, कृष्णागिरी, धर्मपुरी, तिरुवन्नामलाई, और विलुपुरम जिलों में भी कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश की आशंका जताई है। चक्रवात की वजह से चेन्नई जाने वाली कई फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी हैं। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें ठीक से खाना, पानी और बेसिक सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। इस बीच भारत ने कोलंबों में आपातकालीन सहायता डेस्क भी बनाई है।

# इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर बाढ़ और भूस्खलन का कहर

## मरने वालों की संख्या बढ़कर 250 के पार

**अगम (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया में बचाव दल को शनिवार को भूकंप और सुनामी से प्रभावित कई तबाह इलाकों में पीड़ितों तक पहुंचने में मुश्किल हुई, और अधिकारियों को डर था कि 248 की कन्फर्म्ड मौत की संख्या और बढ़ सकती है. सूत्रों के मुताबिक मरने वालों की संख्या 250 के पार कर गई है. खराब सड़कों और बंद कम्युनिकेशन लाइनों की वजह से इलाके ज़्यादातर कट गए थे, और राहत के लिए विमान नॉर्थ सुमात्रा प्रांत के सेंट्रल तपनौली जिले और इलाके के दूसरे जिलों में मदद और सप्लाई पहुंचा रहे थे. खराब पुलों और सड़कों और भारी सामान की कमी की वजह से बचाव के काम में भी रुकावट आई.

सूत्रों ने कहा कि वेस्ट सुमात्रा के अगम ज़िले में बचाव दल ने और लाशें बरामद कीं. इससे मरने वालों की संख्या 248 हो गई और 100 से ज़्यादा लोग अब भी लापता हैं. पिछले हफ़्ते हुई मॉनसून की बारिश की वजह से नॉर्थ सुमात्रा प्रांत में नदियां अपने किनारे तोड़कर बह गईं. नेशनल डिज़ास्टर मैनेजमेंट एजेंसी ने कहा कि बाढ़ ने पहाड़ी गांव को तहस-नहस कर दिया. लोगों को बहा ले गई और हजारों घर और इमारतें डूब गईं. लगभग 3,000 बेघर परिवार सरकारी शेल्टर में भाग गए. इंडोनेशियाई नेशनल सर्च एंड रेस्क्यू एजेंसी इस तबाही से निबटने के लिए काफी प्रयास कर रही है. इस बीच बचाव दल ने इंडोनेशिया के नॉर्थ सुमात्रा के बाटू गोडिंग में लैंडस्लाइड से प्रभावित एक गांव में पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं. कीचड़ में दबे लोगों और सामान को वहां से निकाल रहे हैं.

## हांगकांग में बहुमंजिला इमारत में लगी आग के बाद 3 दिन का शोक घोषित

**हांगकांग।** हांगकांग के ताई पो जिले में बुधवार दोपहर वांग फुक कोर्ट आवासीय परिसर में लगी भीषण आग में मारे गए 128 लोगों की याद में सरकार ने 3 दिन का शोक की घोषणा की है। इस शोक की शुरुआत एक मिनट का मौन रखकर की गई। आगजनी में 200 से अधिक लोग लापता हैं। बता दें कि हांगकांग की बहुमंजिला रिहायशी इमारतों में लगी यह आग पिछले 76 साल बाद एक बड़ी त्रासदी के रूप में सामने आई है।3 दिवसीय शोक के तहत सरकारी कार्यालयों पर लगे झंटे आधे झुकाए गए हैं। यह आग एक टावर की निचली मंजिलों पर लगी सुरक्षात्मक जाली से शुरू हुई और 7 मंजिल तक फैल गई।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बीएसएफ का बड़ा खुलासा! पाकिस्तान ने सीमा से हटाए 72 आतंकी लांचपैड, 118 चौकियां भी हुई ध्वस्त



**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) शशांक आनंद ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने सीमा पार पाकिस्तान में भारी तबाही की। जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटी पाकिस्तान की 118 अग्रिम चौकियों को बर्बाद किया। आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने 72 से ज्यादा आतंकी लांचपैड दूरी वाले इलाकों में शिफ्ट कर दिए हैं। सियालकोट सेक्टर में तीन आतंकी लांचिंग पैड को नष्ट किया गया था, लेकिन अब भी करीब 12 लांचपैड सियालकोट और जफरवाल के डेप्थ एरिया से काम कर रहे हैं। इसी तरह सीमा से दूर दूसरे डेप्थ परिया में 60 लांचपैड काम कर रहे हैं। सेना आपरेशन सिंदूर 2.0 के लिए पूरी से तैयार है।आईजी आनंद शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर से हमने पड़ोसी मुल्क को सबक सिखाया है कि अगर वह भविष्य में कोई दुस्साहस करेगा या आतंकी हमला होगा तो उसे पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा। हमने उनके निगरानी तंत्र को भी नष्ट किया। हमारे जवान और अधिकारी किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और समर्थ हैं। सेना, पुलिस व अन्य सुरक्षा व खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय में दुश्मन की हर हरकत की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर शुरू किया। हमने पाकिस्तान स्थित केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन पाकिस्तान ने इसे युद्ध का रूप देते हुए भारत पर हमला किया। बीएसएफ ने मुंहतोड़ जवाब देते हुए जम्मू संभाग में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे पाकिस्तान की सौ से अधिक चौकियों को नष्ट किया। हमारे जवानों ने अग्रिम मोर्चे पर रहते हुए न सिर्फ दुश्मन के इरादें को विफल बनाया बल्कि सीमांतवासियों के बीच सुरक्षा व विश्वास की भावना को मजबूत बनाया। अपनी जान की परवाह किए बिना सीमा पर डटे रहे। सीमा सुरक्षाबल के दो बलिदानियों मोहम्मद इम्तियाज व दीपक को मरणोपरांत वीरचक्र प्रदान किया गया है। कई अन्य अधिकारियों और जवानों को भी वीरता पुरस्कार प्रदान किया गया। आइजी आनंद ने कहा कि गत अगस्त में आई भीषण बाढ़ से सीमा सुरक्षाबल के ढांचे को नुकसान पहुंचा। लेकिन इसे अब पहले से बेहतर बना दिया गया है। इस दौरान बीएसएफ के डीआईजी कुलवंत राय शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान क्षेत्र में स्थित लांच पैड और उनमें मौजूद आतंकियों के आंकड़े बदलते रहते हैं। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास के इलाकों में कोई ट्रेनिंग कैंप नहीं हैं। ये लाचपैड आम तौर पर तब सक्रिय होते हैं जब आतंकियों को (भारत में) भेजना होता है, जिससे उन्हें दो या तीन से ज्यादा समूह में नहीं रखा जाता है। आपरेशन सिंदूर के बाद उन्होंने एक मिक्स्ड समूह बनाया है। जो लोग चाहे वे इस समूह में प्रशिक्षण ले सकते है। अधिकारियों ने कहा कि अगर हम 1965, 1971, 1999 के कारगिल युद्ध या आपरेशन सिंदूर की बात करें तो बीएसएफ को सभी तरह के युद्धों का बेहतर अनुभव है चाहे वह पारंपरिक हो या हाइब्रिड युद्ध।

## सड़क हादसा, कर्नाटक के पांच लोगों की मौत, दो घायल

**एम्मिगनूर।** आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में एक बड़ा सड़क हादसा हुआ. इस हादसे में दो कारों के बीच भिड़ंत हो गई. टक्कर इतनी तेज थी कि पांच लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इस दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस घटना की जांच में जुटी है. एम्मिगनूर के कोटेकल में दो कारों की टक्कर हो गई. हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई. दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को अडोनी अस्पताल ले जाया गया. मरने वालों की पहचान कर्नाटक के कोलार जिले के चिन्ना होसापल्ली के रहने वालों के तौर पर हुई है. मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं. यह हादसा तब हुआ जब एक स्विफ्ट डिजायर कार एमिगनूर की तरफ से आ रही फॉर्च्यूनर कार से टकरा गई.

## महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

### 89 लाख रुपये का था इनाम

**गोंदिया (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को वरिष्ठ नक्सली अनंत उर्फ विनोद सय्यना समेत 11 नक्सलियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया. इन नक्सलियों पर 89 लाख रुपये का इनाम घोषित था. आत्मसमर्पण करने वाले ये नक्सली प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के दरेकसा दलम से जुड़े थे. दरेकसा दलम एमएमसी (महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़) क्षेत्र का सबसे सक्रिय दलम है. आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों की पहचान तेलंगाना के करीमनगर जिले के रहने वाले विनोद सय्यान (40), पांडु पुसु वड्डे (35), रानी उर्फ रामे येसु नरोटे (30), संतू उर्फ तिजाउराम धरमसहाय पोरेटी (35), शेवंती रायसिंह पंद्रे (32), काशीराम राज्य बंतुला (62), नक्के सुकलू कारा (55), सन्नू मुडियाम (27), सदु पुलाई सोत्ती (30), शीला चमरू माडवी (40) और रितु भीमा डोडी (20) के रूप में हुई है.इस बारे में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत ने 24 नवंबर को सरेंडर करने की तैयारी जताई थी और 15 फरवरी तक की डेडलाइन मांगी थी. इसके बाद छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने समझाया था कि सरकार के पास ज़्यादा समय नहीं है, माओवादियों को बिना देर किए सरेंडर कर देना चाहिए. इसके बाद 27 नवंबर को माओवादियों ने एक नया पर्चा जारी कर घोषणा की कि 1 जनवरी को सभी लोग हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हो जाएंगे. हालांकि, इससे पहले ही उन्होंने गोंदिया पुलिस से संपर्क किया और अनंत उर्फ विकास के साथ 11 अन्य नक्सलियों के साथ सरेंडर कर दिया.

# भारत की परंपरा भाईचारे में निहित है विवाद हमारे स्वभाव में नहीं: चीफ भागवत



**मुंबई । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि विवादों में पड़ना भारत के स्वभाव में नहीं है और देश की परंपरा ने हमेशा भाईचारे और सामूहिक सद्भाव पर जोर दिया है. नागपुर में एक कार्यक्रम में संघ प्रमुख ने कहा कि भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा पश्चिमी सोच से पूरी तरह अलग है।**

नागपुर में एक कार्यक्रम में मोहन भागवत ने कहा कि भारत की राष्ट्रवाद की अवधारणा पश्चिमी सोच से पूरी तरह अलग है। उन्होंने कहा, हमारी किसी से कोई बहस नहीं होती. हम झगड़ों से दूर रहते हैं. झगड़ा करना हमारे देश के स्वभाव में नहीं है. साथ रहना और भाईचारा बढ़ाना हमारी परंपरा है. उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के दूसरे हिस्से टकराव वाले हालात में ही बने हैं.उन्होंने कहा, एक बार कोई राय बन जाने केबाद उस विचार के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं होता. वे दूसरे विचारों के लिए दरवाजे बंद कर देते हैं और उसे इज्म कहना शुरू कर देते हैं. भागवत ने यह भी कहा कि भारत की राष्ट्र की अवधारणा पश्चिमी व्याख्याओं से मूल रूप से अलग है.उन्होंने जोर देकर कहा, वे राष्ट्र के बारे में हमारे विचार नहीं समझते, इसलिए उन्होंने इसे राष्ट्रवाद कहना शुरू कर दिया. राष्ट्र का हमारा कॉन्सेप्ट, राष्ट्र के पश्चिमी विचार से अलग है. हमारे बीच इस बारे में कोई मतभेद नहीं है कि यह राष्ट्र है या नहीं – यह एक राष्ट्र है और यह पुराने समय से मौजूद है. उन्होंने दावा किया, हम राष्ट्रीयता शब्द का इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रवाद का नहीं. देश पर बहुत ज्यादा गर्व की वजह से दो वर्ल्ड वॉर हुए. इसीलिए कुछ लोग राष्ट्रवाद शब्द से डरते हैं. आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत का राष्ट्रवाद घमंड या गर्व से पैदा नहीं हुआ है, बल्कि लोगों के बीच गहरे जुड़ाव और प्रकृति के साथ उनके सह-अस्तित्व से पैदा हुआ है. उन्होंने ज्ञान के महत्व पर भी जोर दिया जिससे समझदारी आती है और इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ जानकारी से ज्यादा व्यावहारिक समझ और एक सार्थक जीवन जीना जरूरी है. उन्होंने कहा कि सच्ची संतुष्टि दूसरों की मदद करने से मिलती है. यह एक ऐसी भावना है जो अस्थायी सफलता के विपरीत, जीवन भर बनी रहती है.

## एयरबस ए320 सीरीज के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से भारत में 338 विमान प्रभावित

**नईदिल्ली।** दुनिया की दिग्गज विमानन कंपनी एयरबस ने अपनी ए320 सीरीज के कई विमानों को तकनीकी खामी के बाद वापस बुलाया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने खुलासा किया है कि भारतीय एयरलाइनों द्वारा संचालित ए320 सीरीज के 338 विमानों को इस सॉफ्टवेयर अपग्रेड की आवश्यकता है। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार, प्रभावित बेड़े के आधे से ज्यादा विमानों में यह अपडेट लागू किया गया है। ये विमान इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित हैं। एयरबस ने चेतावनी दी है कि तीव्र सौर विकिरण बड़ी संख्या में ए320 सीरीज के विमानों में उड़ान नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण डाटा को खराब कर सकता है। कंपनी ने यह भी कहा कि इस समस्या को ठीक करने के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर परिवर्तनों से परिचालन में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

# निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में तीन आरोपियों को जमानत मिली

**नई दिल्ली 30 नवंबर।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एक निजी कॉलेज की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने के मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। स्वामी चैतन्यानन्द इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास अनिमेष कुमार ने तीनों आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने तीनों आरोपियों को बीस-बीस हजार रुपये के मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। कोर्ट ने जिन आरोपियों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया उनमें श्वेता, भावना और काजल शामिल हैं। कोर्ट ने इस मामले में दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर 27 नवंबर को संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने 1077 पेजों की चार्जशीट दाखिल किया है जिसमें 43 गवाह बनाए गए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक उसे इस मामले की जांच के दौरान कई डिजिटल सबूत मिले हैं। दिल्ली पुलिस को चैतन्यानंद सरस्वती के मोबाइल फोन से एक व्हाट्सएप ग्रुप के चैट रिकॉर्ड मिले हैं जिसमें वे छात्राओं की तस्वीरों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने उनके कमरे से एक सेक्स टॉय और पांच पोर्न सीडी भी बरामद की है. दिल्ली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 75(2), धारा 79, धारा 351(2) और धारा 232 के तहत मामला दर्ज किया है. चैतन्यानंद सरस्वती को आगरा के गिरफ्तार किया गया था. चैतन्यानंद सरस्वती पर आरोप है कि वो आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग की छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की थी. कॉलेज के सीसीटीवी कैमरों का एक्सेस चैतन्यानंद सरस्वती के पास था ताकि वो छात्राओं पर नजर रख सके. उसने सुरक्षा के नाम पर सीसीटीवी कैमरे जानबूझकर वाशरुम के पास इंस्टाल करवाया था. सरस्वती पर छात्राओं से अश्लील हरकत करने के अलावा वित्तीय फर्जीवाड़ा करने का भी आरोप है. आरोप है कि सरस्वती ने संबंधित संस्थान की संपत्तियों को निजी कंपनियों पर किराये पर दे रखा था. वो संस्थान की संपत्तियों से महंगी गाड़ियां खरीदता था. उसके कब्जे से पुलिस ने एक बीएमडब्ल्यू कार जब्त की थी. वो महंगी गाड़ियों में लड़कियों को लेकर जाता था और उनके साथ अश्लील हरकत करता था।

## गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत सात दिन और बढ़ी

**नई दिल्ली 30 नवंबर।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत सात दिनों के लिए बढ़ा दिया ह। एडिशनल सेशंस जज प्रशांत शर्मा ने अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। आज अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी जिसके बाद एनआईए ने उसे कोर्ट में पेश किया था. एनआईए की ओर से पेश वकील राहुल त्यागी ने अनमोल बिश्नोई की हिरासत बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि उससे अभी और पूछताछ करने की जरुरत है ताकि कुछ और खुलासा हो सके। उसके बाद कोर्ट ने अनमोल बिश्नोई की एनआईए हिरासत सात दिन और बढ़ाने का आदेश दिया। अनमोल बिश्नोई को एनआईए ने 19 नवंबर को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ़्तार किया था।

# पिता की दूसरी शादी से नाखुश हैं बच्चे, अब सौतेली मां के साथ नहीं संयुक्त परिवार में रहेंगे, हाईकोर्ट का फैसला



**अहमदाबाद 30 नवंबर।** संयुक्त परिवार में दादा-दादी, चाचा-चाची के साथ रह रहे भाई-बहन ने दूसरी शादी कर कहीं दूसरे स्थान पर जा बसे पिता के साथ रहने से इनकार कर दिया। इसके बाद हाई कोर्ट ने भी कह दिया कि अब पिता बच्चों को अपने साथ रखने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं। वे संयुक्त परिवार में ही रहेंगे। कोर्ट ने यह भी माना कि पिता की दूसरी शादी से बच्चे नाखुश हैं। पहली पत्नी से तलाक के बाद एक फिजियोथेरेपिस्ट ने गत वर्ष दूसरा विवाह किया था। लेकिन जब बच्चों को रखने की बात आई तो कोर्ट ने संयुक्त परिवार की परंपरा को महत्व देते हुए पिता के अधिकार को खारिज कर दिया। सूरत के रहने एक फिजियोथेरेपिस्ट ने 2023 में अपनी पत्नी से तलाक के बाद 2024 में दूसरी शादी कर ली। चौदह वर्षीय बेटे और नौ वर्षीय बेटी जन्म से ही संयुक्त परिवार में दादा-दादी और चाचा-चाची के साथ रह रहे थे। माता-पिता के अलग होने के बाद भी वे इसी संयुक्त परिवार में रह रहे थे।

अपनी दूसरी शादी के बाद फिजियोथेरेपिस्ट अपनी दूसरी पत्नी के साथ एक नए घर में शिफ्ट हो गया। उसने बच्चों को अपने साथ रखने के लिए परिवार में बात की तो बच्चों ने स्वयं इससे इन्कार कर दिया।इसी विवाद के चलते उसने एक हेबियस कार्पस याचिका दायर की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसका परिवार बच्चों को अवैध रूप से हिरासत में रख रहा है और उसे उनसे मिलने से रोक रहा है। परिवार ने उसकी बेटी का स्कूल बदल दिया तो आपसी तनाव और बढ़ गया।याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि जैविक पिता के रूप में वह अपने बच्चों का प्राकृतिक रूप से अभिभावक होने का अधिकार रखता है। जब कोर्ट ने बच्चों को बुलाया तो दोनों ने बताया कि वे अपने पिता और सौतेली मां के साथ नहीं रहना चाहते। इस विवाद का मध्यस्थता से हल करने का अदालत का प्रयास विफल रहा।न्यायाधीश एन एस संजय गौड़ा और न्यायाधीश यूटी देसाई की खंडपीठ ने फिजियोथेरेपिस्ट पिता की याचिका को खारिज कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने भी कह दिया कि पिता बच्चों को अपने साथ रखने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक आज, आम सहमति बनाने पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली।** एक दिसंबर यानी सोमवार से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में सभी पार्टियों की बात सरकार सुनेगी. रिजिजू ने कहा कि जहां तक संसदीय शिष्टाचार का जिक्र करने वाले बुलेटिन की बात है तो हर सदस्य को इसके बारे में जानकारी है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान दोनों ही सदनों के सदस्यों से मिलेंगे। बताया जाता है कि सरकार लोकसभा और राज्यसभा के कामकाज को ठीक ढंग से चलाने को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियों से बैठक में सहयोग मांगेगी। एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र में कई जरूरी कानूनी पर चर्चा के बाद सरकार की उनको पास कराने की योजना है। वहीं सरकार शीतकालीन सत्र का प्रारंभ वंदे मातरम पर चर्चा से करना चाहती है, क्यों कि देश इस राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है. इस सत्र के दौरान सरकार के द्वारा 10 आवश्यक बिल प्रस्तुत किए जाने की योजना है, इसमें उच्च शिक्षा, कॉर्पोरेट लॉ और सिक्योरिटीज मार्केट के अलावा परमाणु ऊर्जा से जुड़े हुए बिल शामिल हैं। दूसरी तरफ विपक्ष चुनाव आयोग के द्वारा किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कड़ा विरोध करने की तैयारी की जा रही है. वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने देश की जीडीपी के 8.2 प्रतिशत तक बढ़ने पर कहा कि भारत ने जीडीपी में एक शानदार रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए एक शानदार जीडीपी उपलब्धि है, जो भारत के लिए अच्छा है और दुनिया भर में एक बहुत ही सकारात्मक संकेत भी भेजता है।

# इमरान खान को लेकर पाकिस्तान में बवाल, जेल की सुरक्षा बढ़ाई गई

## पीटीआई कार्यकर्ता सड़कों पर

**इस्लामाबाद, 30 नवंबर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सेहत को लेकर चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। उनके परिवार का आरोप है कि उन्हें इमरान से मिलने नहीं दिया जा रहा है। इस बीच इमरान रावलपिंडी की जिस अडियाला जेल में बंद हैं, उसकी सुरक्षा बेहद कड़ी कर दी गई है। पूरे प्रांत को हाई अलर्ट पर रखा गया है और हजारों अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है। सोशल मीडिया पर इमरान की मौत की अफवाहें भी हैं।

सूत्रों के मुताबिक, अडियाला जेल में हालिया सालों की सबसे सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इस्लामाबाद और पंजाब पुलिस ने जेल के आसपास 2,500 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। दहगल क्षेत्र, जेल गेट नंबर 1, गेट नंबर 5, फैक्ट्री नाका और रावलपिंडी के गोरखपुर जोन में 5 नई सुरक्षा चौकियां स्थापित की गई हैं। सुरक्षाकर्मियों को रबर की गोलियों, आंसू गैस, डंडों और दंगा-रोधी उपकरणों से लैस किया गया है।अधिकारियों का कहना है कि बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा किसी भी अवांछित स्थिति से निपटने के लिए बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक अनम शेर को जेल की सुरक्षा व्यवस्था का काम सौंपा गया है। अडियाला जेल के अलावा लाहौर की कोट लखपत जेल की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। यहां इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेता और कार्यकर्ता बंद हैं। बलूचिस्तान में क्वेटा से 60 किलोमीटर दूर स्थित माच जेल में भी सतर्कता बढ़ाई गई है।पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पूरे पाकिस्तान में प्रदर्शन का ऐलान किया है। पीटीआई को कई विपक्षी पार्टियों का भी साथ मिला है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी और इमरान की बहन अडियाला जेल के बाहर धरने पर बैठी हैं। यहां सुरक्षाबलों ने अफरीदी के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की और उन्हें सड़क पर गिरा दिया। पीटीआई ने ऐलान किया है कि 30 नवंबर को वो अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित दूतावास के बाहर प्रदर्शन करेगी।



## सिनेमाघरों के धमाका मचाने के बाद ओटीटी पर हिंदी में रिलीज हुई ऋषभ शेट्टी की कांतारा चैप्टर 1

ऋषभ शेट्टी की ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म कांतारा चैप्टर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर खूब गर्दा उड़ाया है. सिनेमाघरों में तगड़ी परफॉर्मे के साथ ये ओटीटी पर तमिल, तेलुगु सहित अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में 31 अक्टूबर को रिलीज हो गई थी. तब से हिंदी फैंस इसके हिंदी वर्जन में ओटीटी पर रिलीज का इंतजार कर रहे थे. फाइनली कांतारा चैप्टर 1 अब हिंदी भाषा में भी स्ट्रीमिंग के लिए अवेलेबल हैं. जानते हैं इसे कहां देख सकते हैं?

कांतारा चैप्टर 1 ने काफी इंतजार के बाद अब हिंदी भाषा में भी डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू कर लिया है. इसे ओटीटी के दिग्गज प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम किया जा सकता है. 27 नवंबर, बुधवार से फिल्म का हिंदी डब वर्जन भारत में और दुनिया भर के 200 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से स्ट्रीम हो रहा है. यह फ़िल्म कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम में भी अवेलेबल है.

ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर ये खबर शेयर करते हुए लिखा है, कांतारा की शानदार दहाड़ गूंज रही है, अब हिंदी में कांतारा लीजेंड चैप्टर 1 प्राइम पर. अब, फैंस अपनी पसंद की भाषा के अनुसार फिल्म देख सकते हैं. कहानी कदंब राजवंश के बैकड्रॉप पर बेस्ड है, जब दुष्ट राजा और राजकुमारी वन देवताओं-पंजुर्ली और गुलिगा को पकड़ना चाहते थे. यह दिखाता है कि कैसे बर्मे नाम का एक युवक मूर्तियों और जंगल के लोगों को दुष्ट राजवंश से बचाता है. उन्होंने कस्बे में मसालों और अन्य वन उत्पादों का व्यवसाय भी सफलतापूर्वक शुरू किया और कदंब राजवंश की राजकुमारी के साथ घनिष्ठता बढ़ाई, लेकिन बाद में उन्हें राज्य के बुरे इरादों का एहसास हुआ. कांतारा चैप्टर 1 को ऋषभ शेट्टी ने ही लिखा है और निर्देशित किया है साथ ही उन्होंने फिल्म में लीड रोल भ प्ले किया है. इस पीरियड एक्शन थ्रिलर में रुक्मिणी वसंथ, गुलशन देवैया और जयराम ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं. होम्बले फिल्म्स द्वारा निर्मित ये एपिक बेहद सक्सेसफुल कांतारा फ्रेंचाइज़ी की विरासत को आगे बढ़ाती है.

### नवाजुद्दीन सिद्दीकी की रात अकेली है 2 का टीजर जारी

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म रात अकेली है; द बंसल मर्डर्स का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में नवाजुद्दीन सिद्दीकी पुलिस की भूमिका में हैं। फिल्म में वह बंसल परिवार के मर्डर केस को सुलझाते हुए नजर आएंगे। आइए जानते हैं टीजर में और क्या है?

# केले के छिलके फेंकने की बजाय उनका इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल



आमतौर पर लोग केले के छिलके को फेंक देते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि केले के छिलके कई बेहतरीन गुणों से भरपूर होते हैं। केले के छिलके में विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो त्वचा और बालों के लिए बहुत फायदेमंद हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिनसे आप केले के छिलके का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा और बालों को स्वस्थ और सुंदर बना सकते हैं।

दांतों को चमकाने के लिए करें इस्तेमाल

केले के छिलके में मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम दांतों की सफाई करने में मदद करते हैं। इससे दांतों का पीला पन कम होता है और उन्हें चमकदार बनाने में मदद मिलती है। इसके लिए बस एक केले का छिलका लें और उसके अंदर के हिस्से को अपने दांतों पर रगड़ें, फिर 10 मिनट बाद ब्रश कर लें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपके दांतों की चमक बनी रहेगी और मुंह की बदबू भी दूर होगी।

कीटाणुओं को दूर करने में है कारगर

केले के छिलके में ऐसे गुण होते हैं, जो कीटाणुओं को दूर करने में मदद करते हैं। यह मुंहासों और कील-मुंहासों से राहत दिलाने में भी सहायक होता है। इसके लिए केले के छिलके को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और 10-15 मिनट तक छोड़ दें, फिर पानी से धो लें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी त्वचा की साफ-सफाई होती है और मुंहासों की समस्या कम होती है।

झुर्रियों से राहत पाने के लिए करें इस्तेमाल

अगर आप झुर्रियों से परेशान हैं तो केले के छिलके आपके लिए एक अच्छा उपाय हो सकता है। इसमें मौजूद गुण झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। इसके लिए केले के छिलके को अपने चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट तक छोड़ दें, फिर पानी से धो लें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी त्वचा की झुर्रियां कम होती हैं और आपकी त्वचा युवा और ताजगी भरी दिखती है।

बालों की चमक बढ़ाने में है मददगार

केले के छिलके में मौजूद पोषक तत्व बालों की चमक बढ़ाने में मदद करते हैं। यह बालों को मुलायम बनाता है और उनकी टूटने की संभावना कम करता है। इसके लिए केले के छिलके को अपने बालों पर लगाएं और 15-20 मिनट तक छोड़ दें, फिर शैंपू कर लें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपके बाल मजबूत, मुलायम और चमकदार बनते हैं। यह तरीका आपके बालों की प्राकृतिक सुंदरता को भी बढ़ाता है।

घुटनों और कोहनियों का कालापन दूर करे

अगर आपके घुटनों और कोहनियों की त्वचा काली हो गई है तो केले के छिलका उसमें भी असर कर सकता है। इसमें मौजूद विटामिन्स त्वचा को पोषण देते हैं और उसे मुलायम बनाते हैं। इसके लिए केले के छिलके को प्रभावित क्षेत्र पर रगड़ें और 10-15 मिनट तक छोड़ दें, फिर पानी से धो लें। नियमित रूप से ऐसा करने से आपकी त्वचा की कालिमा कम होती है और वह अधिक निखरी हुई दिखती है।



## घट्टामनेनी परिवार से नई स्टार बनने वाली है जानवी

घट्टामनेनी की नई स्टार जानवी आने वाली हैं। घट्टामनेनी परिवार ने कई स्टार्स को जन्म दिया है और उनमें सुपर स्टार कृष्णा, सुपर स्टार महेश बाबू जैसे नाम शामिल हैं।


अब पहली बार, कोई हीरोइन बन रही है और वह कोई और नहीं बल्कि महेश बाबू की भतीजी जानवी घट्टामनेनी हैं। जानवी महेश बाबू की बहन मंजुला घट्टामनेनी की बेटी हैं। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं और उनका आकर्षक, सुंदर और मंत्रमुग्ध कर देने वाला लुक सभी का ध्यान खींच रहा है।

वह अपने दादा कृष्णा की कृपा, अपने चाचा महेश बाबू के आकर्षण और अपनी माँ मंजुला घट्टामनेनी की सोच को साथ लेकर चल रही हैं। जानवी कैमरे के लिए नई नहीं हैं और वह अपनी माँ की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म मनासुकु नचिंदी में नज़र आई थीं। मंजुला कहती हैं, वह एक्टिंग नहीं करतीं, और आगे कहती हैं, वह महसूस करती हैं।

मंजुला के लिए यह ज़िंदगी का एक पूरा चक्कर है। उनके बहुत सपनों वाले ऑन स्क्रीन डेब्यू को सुपर स्टार कृष्णा के फैंस ने बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और उन्हें अपने सपने छोड़ने पड़े और उनकी खुशी के लिए, फैंस उनकी बेटी जानवी के डेब्यू का स्वागत कर रहे हैं और उनसे और भी उम्मीदें लगाए हुए हैं।

मंजुला धीरे से कहती है, मेरे मन में कोई कड़वाहट नहीं है। जो लोग कभी मेरे खिलाफ थे, वही अब मेरे शुभचिंतक हैं। जानवी की मुस्कान इस बात का सबूत है कि दुआएं कबूल होती हैं। वह मेरा पूरा होना है।

# टखने में दर्द से परेशान हैं? जानिए 5 असरदार घरेलू उपाय



टखने में दर्द होना एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। यह दर्द अक्सर गलत तरीके से उठने-बैठने, अधिक चलने-फिरने या किसी चोट के कारण हो सकता है। इसके कारण चलने-फिरने में कठिनाई होती है और रोजमर्रा के काम करने में भी परेशानी होती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू उपाय बताते हैं, जिन्हें अपनाकर टखने के दर्द से राहत मिल सकती है।

बर्फ से सिकाई करें

टखने के दर्द से राहत पाने के लिए बर्फ का इस्तेमाल करना एक असरदार तरीका है। बर्फ ठंडी होती है और यह सूजन को कम करने में मदद करती है, जिससे दर्द में भी कमी आती है। इसके लिए एक कप पानी में कुछ बर्फ के टुकड़े डालकर थोड़ी देर छोड़ दें ताकि बर्फ का ठंडापन पानी में अच्छे से मिल जाए। अब इस पानी को एक मुलायम कपड़े से लेकर प्रभावित जगह पर लगाएं।

सेब का सिरका भी है असरदार

सेब का सिरका प्राकृतिक रूप से दर्द कम करने वाला होता है, जो टखने के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। इसके लिए एक बाल्टी पानी में दो चम्मच सेब का सिरका मिलाकर उसमें थोड़ी देर पैर डालें। इससे आपकी थकान भी दूर होगी और दर्द में भी राहत मिलेगी। आप चाहें तो सीधे सेब के सिरके को प्रभावित हिस्से पर लगा सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि सिरका आंखों में न जाए।

अदरक का रस निकाले

अदरक का रस भी टखने के दर्द को कम करने में मदद कर सकता है। अदरक में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो दर्द से राहत दिलाते हैं। इसके लिए एक टुकड़ा अदरक काटकर उसका रस निकालें, फिर इस रस को प्रभावित हिस्से पर लगाएं। कुछ मिनट बाद इसे धो लें। इसके अलावा अदरक की चाय भी पी सकते हैं, जिससे शरीर को अंदरूनी ताकत मिलती है और दर्द में राहत मिलती है।

तुलसी की पत्तियां आएंगी काम

तुलसी की पत्तियों में भी दर्द कम करने वाले गुण होते हैं, जो टखने के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए कुछ तुलसी की पत्तियों को पीसकर उसका पेस्ट बना लें, फिर इस पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें। इसके अलावा आप तुलसी की चाय भी पी सकते हैं, जिससे शरीर को अंदरूनी ताकत मिलती है और दर्द में राहत मिलती है।

लहसुन की कलियों का करें उपयोग

लहसुन की कलियों में भी कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो टखने के दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए 2-3 लहसुन की कलियों को कूटकर उसका पेस्ट बना लें, फिर इस पेस्ट को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और कुछ देर बाद धो लें। इसके अलावा लहसुन की चाय भी पी सकते हैं, जिससे शरीर को अंदरूनी ताकत मिलती है और दर्द में राहत मिलती है।



### रणवीर सिंह की धुरंधर से फिल्मी पर्दे पर तबाही लाएंगे अर्जुन रामपाल

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में रिलीज के करीब है। कुछ दिन पहले निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी किया था, जिसे लोगों की साकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। रणवीर के अलावा, ट्रेलर में अर्जुन रामपाल के किरदार ने खूब ध्यान खींचा था। धुरंधर में वह आईएसआई मेजर इकबाल का किरदार निभा रहे हैं, जिसमें वह काफी खूंखार दिखाई दिए। अर्जुन के 53वें जन्मदिन पर निर्माताओं ने उनका एक और धमाकेदार लुक टीजर जारी किया है। निर्माताओं ने धुरंधर का टीजर जारी किया है, जिसमें अर्जुन यानी ढ्स्ढ मेजर इकबाल की झलक दिखी है। कैप्शन दिया गया, तूफान है, तबाही तो लाएगा हाय! जन्मदिन की शुभकामनाएं। हालांकि, टीजर में दिखाई गई अर्जुन की झलक नई नहीं है।

## नताशा स्टेनकोविक ने शॉर्ट टॉप और स्लिट कट स्कर्ट में दिखाई बोल्ड अदाएं

बॉलीवुड फिल्मों में नजर आने वाली एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्टेनकोविक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अक्सर अपने फोटोज और वीडियोज शेयर कर अपने तमाम चाहने वाले फैंस का ध्यान खींचती हैं. नताशा स्टेनकोविक का बोल्ड अंदाज लोगों को



दीवाना बनाता है. उन्होंने एक बार शॉर्ट ड्रेस में अपनी झलक दिखाकर फैंस को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है. नताशा स्टेनकोविक की नई तस्वीरें सामने आने के पाद ग्लैमरस हुस्न की चर्चा हो रही है. यहां पर उनकी लेटेस्ट फोटोज देख सकते हैं.

नताशा स्टेनकोविक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कर फैंस को मदहोश कर दिया है. नताशा स्टेनकोविक ने शॉर्ट के टॉप के साथ स्लिट कट स्कर्ट पहना हुआ है.

नताशा स्टेनकोविक की इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह मस्त मूड में नजर आ रही हैं. इस दौरान नताशा स्टेनकोविक अपनी बोल्ड अदाएं दिखाने में बिल्कुल नहीं चूकीं.

नताशा स्टेनकोविक की प्यारी ड्रेस तो लोगों का ध्यान खींच रही है. इसके साथ ही नताशा स्टेनकोविक के ऊपर ब्लैक चश्मा और खुले बाल उनकी खूबसूरती में इजाफा कर रहे हैं.

नताशा स्टेनकोविक के लिए ये पहला मौका नहीं जब उन्होंने इस तरह से ग्लैमरस अदाएं दिखाते हुए तस्वीरें शेयर की हैं. नताशा स्टेनकोविक वह अक्सर ऐसी फोटोज दिखाती रहती हैं.

नताशा स्टेनकोविक के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 4 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं. नताशा स्टेनकोविक की तस्वीरें शेयर होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो जाती हैं.

नताशा स्टेनकोविक के करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2013 में फिल्म सत्याग्रह में पहली बार काम किया था. इसके बाद नताशा स्टेनकोविक एक्शन जैक्शन, फुकरे रिटर्न्स, डैडी, जीरो जैसी फिल्मों में नजर आई हैं.

नताशा स्टेनकोविक की निजी जिंदगी पर नजर डालें तो उन्होंने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के साथ शादी की थी. दोनों के एक बेटा अगस्त्य है. नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या ने साल 2024 में तलाक ले लिया.

## सुकेश शेट्टी द्वारा निर्देशित और राजेश ध्रुव और जानवी रायला अभिनीत पीटर का सस्पेंस भरा टीजर रिलीज



पीटर एक आगामी डार्क और इंटेंस सस्पेंस थ्रिलर है, जिसका लेखन और निर्देशन सुकेश शेट्टी ने किया है। इस फिल्म का निर्माण रवि हीरेमथ और राकेश हेगड़े ने वृद्धि स्टूडियो के तहत किया है। इसमें राजेश ध्रुव मुख्य भूमिका में हैं, जबकि जानवी रायला और रविक्षा शेट्टी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म का टीज़र जारी किया है, जिसमें कहानी की एक झलक दिखाई गई है। जैसा कि टीज़र से पता चलता है, पीटर अपने अतीत से प्रभावित, वर्तमान में संघर्षरत और हर जानने वाले से डरने वाला इंसान है। उसके जीवन का एक छिपा हुआ सच सामने आने वाला है। जो एक निजी यात्रा के रूप में शुरू होता है, वह जल्द ही मानवता के सबसे काले पहलुओं के खिलाफ एक खतरनाक लड़ाई में बदल जाता है। उसका हर चुनाव मायने रखता है, हर खामोशी में दर्द छिपा है, और हर दुश्मन उसे एक ऐसे सच के करीब लाता है जो उसे तबाह कर सकता है। यह रहस्य, दर्द और एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो जीत के लिए नहीं, बल्कि न्याय, प्रेम और अपनी पहचान के लिए लड़ रहा है। राजेश ध्रुव ने फिल्म के केंद्र में एक सशक्त और भावनात्मक अभिनय किया है। टीज़र में एक अनोखा अंदाज़ दिखाया गया है, जिसमें रोमांचकारी एक्शन, गहरा ड्रामा और एक रोमांचक रहस्य का मिश्रण है, जो बड़े पर्दे पर एक मनोरंजक अनुभव का वादा करता है। सिनेमैटोग्राफर गुरुप्रसाद नरनाद एक तनावपूर्ण और रहस्यपूर्ण दृश्य जगत रचते हैं, जबकि ऋत्विक मुरलीधर का संगीत भय और भावनाओं को और भी गहरा करता है। संपादक नवीन शेट्टी सुनिश्चित करते हैं कि कहानी सहजता से प्रवाहित हो और दर्शकों को बांधे रखे।

## शब्द सामर्थ्य - 242


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 241 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# भरतपुर में भूमाफियाओं के निशाने पर सरकारी जमीन, प्रशासन बना तमाशबीन

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर तहसील के मुख्यालय जनकपुर सहित क्षेत्र में सरकारी जमीन भूमाफियाओं के निशाने पर है। यहां भूमाफिया खाली पड़ी सरकारी जमीनों पर कब्जा कर कच्चा पक्का निर्माण करने के साथ ही प्लाट बनाए और उसे मोटी रकम में बेच भी डाले। वहीं नगर वासियों के शिकायत के बावजूद यहाँ के जिम्मेदार अधिकारियों और भूमाफियाओं के जुगलबंदी के कारण न तो बड़े पैमाने पर जांच हुई और न ही ठोस कार्रवाई की गई।

सेटिंग का खेल ऐसा कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा लगभग सभी शिकायतों को दबाकर मामले पर पर्दा डाले हुए है। मामला जब मीडिया की सुर्खियां बनती है तब सरकार और उच्च अधिकारियों द्वारा स्थानीय प्रशासन को भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिया जाता है। पर स्थानीय जिम्मेदार अधिकारी कोरम पूरा करने के लिए गरीबों के अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाकर हटा देते है, लेकिन वहीं पर सफेदपोश भूमाफियाओं की तरफ प्रशासन का बुलडोजर नहीं घूमता है। वहीं भरतपुर तहसील के मुख्यालय जनकपुर नगर सहित पूरे क्षेत्र में हुए अवैध कब्जा नगर वासियों का कहना है कि यहाँ के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी जमीन पर कब्जा करने की खुला खेल चल रही है।

इस कब्जे के खेल में भू-माफियाओं के साथ-साथ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भी लाल हो रहे हैं। लेकिन जिला प्रशासन के उदासीनता व सुस्त रवैये के कारण शिकायत के बावजूद भूमाफियाओं से सांठ-गांठ रखने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ न ही जाँच हो रही है न ही कड़ी कार्रवाई हो रही है और न ही उनकी संपत्ति की जांच हो रही है। जिससे क्षेत्र में भूमाफियाओं का हौसला बढ़ा हुआ है और वे बेखौफ होकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे है। लेकिन सफेदपोश व पैसा वाले दबंग भूमाफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा, बल्कि तमाशबीन बना हुआ है।



## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने किया औचक निरिक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही आरोग्य मंदिर रजौली, सिंघोर, उग्यांव का निरीक्षण कर मितानिन संकुल बैठक व ग्राम अमृतपुर मे स्वास्थ्य जागुरुकता शिविर में आमजनों को एचआरपी केस जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं, शिशु स्वास्थ एवं फैमली प्लानिंग के बारे में आवश्यक जानकारी व सुझाव दे कर अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डा अनीत बखला, जिला मलेरिया सलाहकार रत नेश शुक्ला, रजनीश शुक्ला, दिलीप पांडेय, डॉ सुषमा भगत, आरएचओ एवं मितानिन उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा वय वंदना कार्ड शत प्रतिशत बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

## आम सड़क पर स्कार्पियो रोककर केक काटने और पटाखे फोड़ने वाले दो युवकों पर मामला दर्ज

**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर के आम रोड, रामपुर तिराहा के पास सड़क पर स्कार्पियो वाहन रोककर जन्मदिन मनाने और पटाखे फोड़ने के वायरल वीडियो के आधार पर बैकुण्ठपुर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



घटना शुक्रवार की रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। उप-निरीक्षक महेश कुशवाहा द्वारा दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 16 सीआर 0016 के स्वामी अनित बखला, निवासी छोटे आनी, अपने साथी अल्तमस (निवासी रामपुर) के साथ सड़क पर वाहन को रोककर उसके बोनट पर केक रखकर काटते और पटाखे फोड़ते हुए वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो आज सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था। पुलिस ने बताया कि सड़क पर इस प्रकार वाहन खड़ा करने से आवागमन बाधित हुआ और पटाखे फोड़ने से आमजन के जीवन को खतरा उत्पन्न हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद वायरल वीडियो की पुष्टि पर दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 285 - विस्फोटक पदार्थ से उपेक्षापूर्ण कार्य, धारा 288- लोकमार्ग पर अवरोध उत्पन्न करना, धारा 3(5), मोटरयान अधिनियम की धारा 122 -वाहन को अनुचित ढंग से खड़ा करना धारा 177- यातायात नियमों का उल्लंघन के तहत आज शनिवार को बैकुण्ठपुर थाना में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है। वायरल वीडियो व अन्य प्रमाणों के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# भाजपा सरकार के जनविरोधी फैसले के खिलाफ मुख्यमंत्री का कांग्रेस ने किया पुतला दहन

**कोरिया बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जमीनों की गाइडलाइन दरों में 10 से 100 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। इससे इसके उपरांत भवन कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस ने इसे जनता-विरोधी, किसान-विरोधी एवं रोजगार-विरोधी निर्णय बताया।



जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पूरे देश में कहीं भी एक वर्ष में 130 से 500 प्रतिशत तक गाइडलाइन नहीं बढ़ाई गई, परन्तु छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनता, किसान, छोटे व्यापारियों और रियल एस्टेट सेक्टर पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। बढ़ी हुई गाइडलाइन से मकान, दुकान, फैक्ट्री निर्माण महंगा हो जाएगा, भूमि खरीद-बिक्री लगभग ठप हो जाएगी तथा प्रदेश में बेरोजगारी और आर्थिक मंदी गहराएगी। भाजपा सरकार ने पहले कांग्रेस शासनकाल में दी जाने वाली 30 प्रतिशत छूट समाप्त की और अब गाइडलाइन बढ़ाकर जमीनों की सरकारी कीमतें दोगुनी से भी अधिक कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क जमीन की कीमत से भी अधिक हो गया है, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार घर बनाने का सपना नहीं देख पा रहे हैं। कांग्रेस वक्ताओं ने कहा 5 डिसमिल से कम रजिस्ट्री पर प्रतिबंध, कृषि भूमि की नई गणना पद्धति, तथा बढ़ी हुई स्टांप ड्यूटी ने किसानों की जमीनें बेचने तक को असंभव बना दिया है। यह सरकार की 'अदूरदर्शी और जनविरोधी नीति' का परिणाम है, जिससे रियल एस्टेट उद्योग की रीढ़ टूट जाएगी और आर्थिक हालात बदतर होंगे। कांग्रेस ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। इस दौरान पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल महामंत्री बृजवासी तिवारी वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, राजीव गुप्ता, साधना जायसवाल, चंद्र प्रकाश राजवाड़े, जाग्रीत कुर्रे, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, रियाजउद्दीन, रवि राजवाड़े, आशीष डबरे, सौरभ गुप्ता, दीपक गुप्ता, यूसुफ इराकी, मो. वसीम अधिवक्ता, वसीम, फ़ारोग, मनीष सिंह, धीरू शिवहरे, मोनू मांझी, सुनील गुप्ता, विपुल शुक्ला, रामायण सिंह, एजाज़ गुड्डू, एस एन मोदी, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, हीरालाल साहू, दिलीप टोप्पो एवं अनेकों कांग्रेस उपस्थिति रहे।

## संसाधन जुटाकर जल्द अपने सपनों को पूरा-डॉ आशुतोष

**कोरिया बैकुंठपुर।** हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक पक्का मकान हो, इसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया गया है। वंचित वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए शासन द्वारा सीधे अनुदान राशि हितग्राहियों को खातों में प्रदान की गई है। आप सभी जल्द अपने काम को पूरा करें और मौसम की परेशानियों से दूर होकर निश्चिंत होकर रहें। उक्ताशय के विचार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत जमगहना में आवास हितग्राहियों से संवाद करते हुए व्यक्त किए।



कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में पूरे जिले में आवास हितग्राहियों को जल्द अपने मकान पूर्ण कराने हेतु निरंतर जन चौपाल लगाई जा रही हैं। गत दिवस ग्राम पंचायत जमगहना में आवास हितग्राहियों के लिए एक सभा का आयोजन किया गया।इस आयोजन में ग्राम पंचायत महोरा एवं खाड़ा के आवास हितग्राहियों को भी सम्मिलित किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया द्वारा समय सीमा के भीतर आवास पूर्ण किए जाने हेतु आवास हितगहियों से चर्चा की गई एवं जिन हितग्राहियों के द्वारा समय पर आवास पूर्ण किया गया उनके द्वारा अपना अनुभव साझा कराते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान आवास हितग्राही दशरथ एवं श्रीमती नीता सहित कई हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया और सभी आवास हितग्राहियों से अपने अपने आवास को समय से पूर्ण करने की अपील की। इस आवास सभा में हितग्राहियों के बीच जिला पंचायत से महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की टीम ,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं जनपद पंचायत ग्राम पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छूने से नहीं फैलता एड्स

**एमसीबी।** विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल कवि मेहर जैन की प्रभावशाली एड्स जागरूकता कविता से हुई। कविता के माध्यम से उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों-छूने, पास बैठने या साथ भोजन करने से एड्स फैलता है-को दूर करने का प्रयास किया। मेहर जैन ने बताया कि एड्स पीड़ित व्यक्ति भी समाज में सम्मान का अधिकार रखता है। कार्यक्रम में डॉ.सुधांशु पटेल, नोडल अधिकारी, डॉ. स्वप्निल तिवारी, अस्पताल अधीक्षक, डॉ. नम्रता चक्रवर्ती, जिला नोडल अधिकारी, डॉ. मोहम्मद वसीम अशरफ सहित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का स्टाफ और क्षेत्र के लगभग 9 विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रदीप को कांग्रेस ने बनाया जिला अध्यक्ष



**कोरिया बैकुंठपुर।** कांग्रेस पार्टी ने जिला अध्यक्षों की नई सूची जारी की पुन: प्रदीप गुप्ता बने जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 41 जिलों के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची तत्काल प्रभाव से लागू होगी। AICC द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, यह नियुक्ति संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत की गई है। इस अभियान में प्रत्येक जिले के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों ने विस्तृत समीक्षा की, स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया और अपनी रिपोर्ट उच्च नेतृत्व को सौंपी। इन रिपोर्टों के आधार पर वन-टू-वन चर्चा के बाद जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया गया। सुरेश सिंह जिला पंचायत सदस्य व अविनाश पाठक सांसद प्रतिनिधि ने गुप्ता को बधाई दी।

## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर घर-घर जनजागरण अभियान की शुरुआत



**चरचा कालरी।** विगत 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण कर चुके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष को समाज जागरण का अवसर मानते हुए 'पंच परिवर्तन' के संदेश को घर-घर पहुँचाने का अभियान आरंभ किया है। 27 सितंबर 1925 को आरंभ हुए संघ के कार्य का मूल उद्देश्य सम्पूर्ण हिंदू समाज को संगठित कर हिंदुत्व के अधिष्ठान पर भारत को समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है।इसी क्रम में कोरिया जिले के विभाग प्रचारक नागेशनाथ योगी, जिला संचालक नरेश सोनी, जिला कार्यवाहक कमलेश गुप्ता, चरचा नगर संचालक रामसागर तथा जिला प्रचार प्रमुख वरुण मिश्रा ने नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र में घर-घर जाकर संपर्क अभियान की औपचारिक शुरुआत की। स्वयंसेवकों ने प्रत्येक परिवार को भारत माता की तस्वीर तथा संघ से संबंधित संक्षिप्त साहित्य प्रदान किया। पंच परिवर्तनअभियान का उद्देश्य सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वाधारित जीवन तथा नागरिक कर्तव्यबोध—इन पाँच विषयों पर समाज को जागरूक करना है। संपर्क के दौरान नागरिकों से सुझाव एवं सहयोग की अपील करते हुए संघ पदाधिकारियों ने अखंड भारत ,उन्नत भारत ,विकसित भारत के निर्माण में योगदान का संदेश दिया।स्वयंसेवकों ने बताया कि परिवार में संवाद एवं साथ बिताए समय को बढ़ाने,सप्ताह में एक दिन 'ई-उपवास' रखते हुए मोबाइल से दूरी बनाने बच्चों में अच्छे संस्कारों के संवर्धन जैसे छोटे लेकिन प्रभावी प्रयास सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।अभियान के अगले चरण में प्रत्येक नगर एवं खंड स्तर पर हिंदू सम्मेलन आयोजित करने की भी घोषणा की गई।शताब्दी वर्ष के इस जनजागरण अभियान से संघ के अनुसार समाज में जागरूकता, पारिवारिक सद्भाव, पर्यावरणीय जिम्मेदारी तथा नागरिक कर्तव्यबोध में सकारात्मक वृद्धि होगी।

## संजय को नपा अतिरिक्त प्रभार



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर प्रशासन की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर में पदस्थ मुख्य नगरपालिक अधिकारी (सीएमओ) संजय दुबे को नगर पंचायत पटना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें नगर प्रशासन के सुचारू संचालन, बेहतर प्रबंधन और नागरिक सेवा संबंधी कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए जाना जाता है। आदेश के अनुसार, आगामी निर्देश जारी होने तक सीएमओ संजय दुबे दोनों नगरीय निकायों—नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर और नगर पंचायत पटना—के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

# अघोरेश्वर भगवान को निर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्र और मानवता की सेवा के प्रति अपने अद्वितीय समर्पण और त्यागपूर्ण जीवन के कारण पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम समाज में आध्यात्मिक तथा सामाजिक जागृति के प्रमुख स्रोत रहे हैं। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के सर्वेश्वरी आश्रम तलवापारा में बृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम दिन भर चला तथा दिनभर भोग भंडारे का भव्य आयोजन किया गया है। उनके महानिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धालुओं, अनुयायियों और समाजसेवियों ने उन्हें सादर नमन करते हुए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का स्मरण किया। पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने अपने जीवनकाल में मानव सेवा, करुणा और समानता का ऐसा संदेश दिया, जिसे आज भी लाखों लोग जीवन का आदर्श मानते हैं। उन्होंने समाज के उपेक्षित, गरीब और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अथक प्रयास किए। उनका मानना था कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं, और सेवा से बड़ा कोई साधन नहीं।



उनके विचारों ने लोगों में न सिर्फ आध्यात्मिक चेतना जगाई, बल्कि सामाजिक बुराइयों को मिटाने की दिशा में मजबूत प्रेरणा भी प्रदान की। महानिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने उनके कार्यों और शिक्षाओं को याद किया। अनेक धार्मिक स्थलों, आश्रमों और संस्थानों में विशेष पूजा, सत्संग और मानव सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने कहा कि पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम का जीवन संघर्ष, समर्पण और परोपकार का अद्भुत उदाहरण है, जिसे प्रत्येक पीढ़ी तक पहुँचाना आवश्यक है। समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि वे उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र और मानवता की सेवा जारी रखेंगे। उनके अनुयायियों ने कहा कि भगवान राम जी की शिक्षाएँ आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी उनके जीवनकाल में थीं, और वे हमें प्रेम, भाईचारे तथा करुणा के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। महानिर्वाण दिवस पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भावनाओं का वातावरण व्याप्त रहा, जहाँ हर किसी ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। निश्चित तौर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में यह आयोजन अपनी भव्यता एवं मानवता सेवा का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।



## नुक्कड़ नाटक के जरिए नए कानूनों की दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में कोतवाली परिसर में नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें तीनों नए कानूनों के बारे में सम्पूर्ण जानकारियों को समाहित कर प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नए कानूनों की बारीकियों को जानने नागरिकों, युवाओं व छात्राओं का खासा उत्साह देखा गया और अपने अनुभवों को साझा किया। स्कूली बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों की शानदार प्रस्तुती दी। डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव, कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, एकलव्य विद्यालय शिवप्रसादनगर, अरूणोदय कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने पुलिस के नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का लाभ उठाया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के द्वारा छात्रों को पुराने एवं नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपराध विवेचना में आधुनिक तकनीक और डिजिटल साक्ष्यों की उपयोगिता को परिभाषित कर बताया गया। प्रदर्शनी देखने आए छात्रों ने नए कानूनों की प्रर्दशनी में अपने अनुभव को साझा कर बताया कि हमें आज पुलिस के इस आयोजन में नए कानूनों को जानने के लिए हमें अच्छा अवसर प्रदान किया है। हमने आज कानून की बारीकियो को समझा है और दूसरों को भी नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। सूरजपुर पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव के छात्र आर्या सिंह, आलिया रिजवी, सिंवागी सिंह, अंशिका सिंह, अर्जुन, लालचंद, शाहिद रजा, वरदान सिंह, आध्या पाण्डेय, एकता सिंह की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों के बारे में उपस्थित युवाओं व लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और उनके नागरिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया। इसमें जीरो एफआईआर का प्रावधान, 90 दिन के भीतर आरोप पत्र दाखिल करना और फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस प्रस्तुति ने सरकार द्वारा आम आदमी को सुलभ न्याय दिलाने के प्रयासों को उजागर किया। डिजिटल साक्ष्य को भी इन कानूनों में महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है, जिससे अब इन्हें प्रमाण के तौर पर उपयोग किया जा सकेगा।

## उद्यमिता विकास और रोजगार सृजन को मिली नई दिशा

**एमसीबी।** जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास और प्रोत्साहन के उद्देश्य से आज सोनहा बिहान आजीविका संकुल संगठन चंवारीडांड में जिला स्तरीय संवेदनशीलता कार्यक्रम का भव्य और सफल आयोजन किया गया। (रेज़िंग एंड एक्सीलरेटिंग परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य उद्यमियों, नवाचार कर्ताओं, महिला उद्यमियों, स्वयं सहायता समूह सदस्यों, कारीगरों और स्टार्टअप इकाइयों को सरकारी योजनाओं, तकनीकी उन्नयन, बाज़ार विस्तार, डिजिटल मार्केटिंग और वित्तीय सहायता के अवसरों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यक्रम प्रबंधक बिहान द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि रूस्ध्ब्ध क्षेत्र आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है और योजना उद्यमियों को क्षमता निर्माण, तकनीकी सुधार, बाज़ार प्रतिस्पर्धा और व्यावसायिक मजबूती प्रदान करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम के दौरान MSME की परिभाषा, पंजीकरण प्रक्रिया, राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं, व्यवसाय प्रबंधन, जोखिम नियंत्रण, वित्तीय सुलभता और उद्यमिता विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही डिजिटल सक्षमता, ई-कॉमर्स के उपयोग, ऑनलाइन बिक्री एवं मार्केटिंग प्लेटफॉर्म, ब्रांडिंग और उत्पाद प्रचार की संपूर्ण जानकारी दी गई, जिससे स्थानीय एवं ग्रामीण उद्यमी राष्ट्रीय और वैश्विक बाज़ार में अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज करा सकें। महिला उद्यमियों, समूहों और पारंपरिक कारीगरों के लिए उपलब्ध विशेष सहायता, प्रोत्साहन एवं अवसरों पर भी विशिष्ट रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में विशेषज्ञों द्वारा इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उद्यम और उद्योग से जुड़े प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 90 से अधिक उद्यमियों एवं इच्छुक प्रतिभागियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल और जनउपयोगी बनाया।

## मतदाता सूची अद्यतन करने बीएलओ सक्रिय

**एमसीबी।** जिले के ग्रामीण इलाकों में बूथ स्तर अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता गणना पत्रक एकत्रित कर रहे हैं और मतदाता सूची को अधिक सटीक एवं अद्यतन बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में मनेंद्रगढ़ तहसील के ग्राम लालपुर में बीएलओ सुधा सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीण इंद्रावती और सुशीला के गणना पत्रक एकत्र किए। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहकर मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन कर रहे हैं।

# शीत लहर बढ़ी, प्रशासन ने कहा-सावधानी ही सुरक्षा

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी जी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा कोरिया वासियों से अपील करते हुए कहा ठंड व शीत लहर से कैसे स्वयं को आप बचा सकते है राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं भारत मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है, कि कई प्रदेशों में शीत लहर व भारी ठंड पड़ने की सूचना दी गई है जिससे जन-धन हानि की संभावना है अत: कोरिया जिला एवं विकासखंड में शीत लहर एवं भारी ठंड से बचाव व जन - समुदाय को कैसे सुरक्षित रख सकते हैं।

शीत लहर व ठंड से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियों हेतु सुझाव एवं दिशा - निर्देश जारी कर जिला व विकासखण्डों के चिकित्सा टीम को अलर्ट रहने एवं आपदा प्रबंधन में आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था हेतु निर्देश दिया है। ठंड व शीत लहर प्रबंधन हेतु विभिन्न बातों को ध्यान में रखा जाय, ताकि ठंड व शीत लहर की आपदा के समय होने वाली बीमारियों एवं प्राकृतिक विपदा से जन-समुदाय को सुरिक्षत रख सके। स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के लिए रेडियो, टीवी एवं समाचार पत्र जैसे सभी मीडिया द्वारा दी जा रही जानकारी का अनुसरण करें। साथ ही पर्याप्त मात्रा में गर्म कपडे पहने, आपातकालीन समय के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थ, पानी, ईंधन, बैटरी चार्ज, इमरजेंसी लाईट एवं आवश्यक दवाईयां, नियिमत रूप से गर्म पानी पीते रहें, शीत लहर के समय विभिन्न प्रकार की बीमारियों की संभावना अधिक बढ जाती है। जैसे - फ्लू लगना, सर्दी - खांसी एवं जुकाम आदि के लक्षण हो जाने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं या चिकत्सक से संपर्क करें। अल्प तापवस्था के लक्षण जैसे सामान्य से कम शरीर का तापमान, न रूकने वाली कपकपी , याददाशत चले जाना, बेहोशी या लड़खड़ाना आदि प्रकट होने पर उचित इलाज के लिए निकटतम स्वास्थ्य केन्द्रों से सम्पर्क करें, समस्त मितानिनों/आशाओं से शीतलहर से बचने के उपायों से अवगत करावे तथा उनके द्वारा जन-सामान्य में इसका प्रचार-प्रसार करें। पर्याप्त मात्रा में गर्म कपड़ों जैसे- दस्ताने, टोपी, मफलर एवं जुते आदि पहनें। शीत लहर के समय चुस्त कपड़े ना पहनें यह रक्त संचार को कम करते हैं इसलिए हल्के ढीले-ढाले एवं सूती कपडे बाहर की तरफ ऊनी कपड़े अंदर की तरफ पहनें। शीत लहर के समय जितना संभव हो सके घर के अंदर ही रहें और कोशिश करें कि अति आवश्यक हो तो बाहर यात्रा करें। कोविड-19 एवं श्वसन संक्रमण से बचने के लिए बाहर जाने पर अनिवार्य रूप से मास्क अवश्य पहनें। पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्वों से युक्त भोजन ग्रहण करें एवं शरीर की प्रतिरक्षा बनाए रखने के लिए विटामिन सी से भरपूर फल और सब्जियां खाने एवं नियिमत रूप से गर्म तरल पदार्थ अवश्य पीयें। अत्यधिक ठंड के समय दीर्घकालीन बीमारियों जैसे डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, श्वास संबंधी बीमारियों वाले मरीज, वृद्ध पुरुष/महिलाएं जिनकी आयु 64 वर्ष से अधिक, 06 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं आदि को ऐसी स्थिति में देखभाल करें। अधिक ठंड पड़ने पर पर्याप्त वेंटिलेशन होने पर ही रूम हीटर का उपयोग सावधानी एवं सतर्कता के साथ करें एवं बंद कमरे गर्म करने के लिए कोयले का उपयोग न करें क्योंकि यह कोयला जलने पर कार्बन- मोनोऑक्साइड उत्पन्न होती है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है जिससे किसी की भी मृत्यु हो सकती है। पालतू जानवरों को घर के अंदर ही रखें। अत्यधिक ठंड से प्रभावित शरीर के हिस्से पर मालिश ना करें इससे अधिक नुकसान पड़ सकता है। शीतलहर से अधिक ठंड के लंबे समय तक संपर्क में रहने से त्वचा कठोर एवं सुन कर सकती है। शरीर के अंगों जैसे - हाथ/ पैर की उंगलियों, नाक एवं कान में लाल फफोले हो जाते हैं। शरीर के भाग के मृत हो जाने पर त्वचा का लाल रंग बदलकर काला हो सकता है। यह बहुत खतरनाक और ग़ैंग्रीन रोग कहा जाता है। इसके लिए तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। शीत लहर के संपर्क में आने से फ्रोस्टबाइट एवं हाइपोथर्मिया बीमारी हो सकती है, शरीर के अंगों जैसे हाथ- पैर की उंगलियां सुन हो जाना, नाक एवं कान की त्वचा का रंग सफेद एवं पीला हो जाना आदि लक्षण पाए जाने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। हाइपोथर्मिया होने पर शरीर के तापमान में कमी आ सकती है, जिसके कारण बोलने में कठिनाई, नींद ना आना, मांसपेशियों का सुचारू रूप से कार्य न करना, सांस लेने में कठिनाई आदि लक्षण पाए जाने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

## मितानिनों को मिला कंबल

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरी क्षेत्र में कल मितानिनों का सम्मान किया गया। उन्हें कम्बल, श्रीफल देकर नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती पदमिनी देवागन ने सम्मानित किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन, उपाध्यक्ष हीरानंद पंजवानी, श्याम कुमार साहू, रमेश श्रीवास, टीकैत डोंगरे सहित कई पार्षद उपस्थित थे।

## पेयजल आपूर्ति बाधित

**कोरबा।** नगर पंचायत छूरी क्षेत्र के भांठापारा वार्ड में पेयजल आपूर्ति चार दिनों से बाधित है। ट्रक ने एक खंभे को ठोकर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसके चलते बोर में लगे केबल वायर जल गए थे। इसकी शिकायत वार्ड की पार्षद कांती श्रीवास के द्वारा की गई थी। लेकिन अभी तक सुधार कार्य नहीं हो सका है। जिसके चलते पेयजल आपूर्ति बाधित है। चार दिनों से पेयजल नहीं मिलने से लोग परेशान है। वार्ड में टेंकर द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

# 2003 की वोटर लिस्ट में नाम नहीं लोगों का सवाल-क्या होगा हमारा

### गणना प्रपत्र जमा करने की समय-सीमा नजदीक, बढ़ रही चिंता



**कोरबा।** कोरबा जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर स्पेशल इंसेंटिव रिविजन (एसआई आर) की प्रक्रिया जारी है। हर विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या का आंकड़ा परिवर्तित होने की खबर है। इन सबके बीच मतदाताओं की पात्रता तय करने के लिए 2003 की सूची से मिलान के बाद अगली प्रक्रिया तय की जा रही है। इधर विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जिनके नाम सूची में नहीं है। उनकी चिंता है कि क्या मताधिकार नहीं मिलने से उनकी नागरिकता खतरें में आ जायेगी।

कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में (एसआईआर) पर काम चल रहा है। कामकाज को लेकर पहले ही मास्टर ट्रेनर्स की ओर से बीएलओ को प्रक्रिया समझाने प्रशिक्षण दिया गया। गणना प्रपत्र भरने और संबंधित दस्तावेज के विकल्प की जानकारी दी गई। अपने क्षेत्र में गणना प्रपत्र वितरण के साथ उन्हें जमा कराया जा रहा है। इसी के साथ इसे डिजिटलाईजेशन की प्रक्रिया का हिस्सा भी बनाया जा रहा है। खबर के अनुसार 4 दिसंबर तक इस काम को करना है। विधानसभा क्षेत्रवार इसका शेड्यूल ईसीआई ने तय किया है। जागरूक और शिक्षित वर्ग के सामने प्रक्रियाओं को पूरा करने में अड़चनें नहीं है। इसके ठीक उल्टे निर्वाचन से जुड़े कार्य और इसकी उपयोगिता को लेकर उदासीन रहने वाला वर्ग कई वजह से परेशान है। कोरबा, बालकोनगर, दीपका, कटघोरा और बांकीमोंगरा में अनेक मामले सामने है, जिन्में एक परिवार के कुछ लोगों के नाम 2003 की सूची में है और बाकी गायब। लोगों को दावा है कि उन्होंने कहीं से नाम कटाया नहीं है, तब भी ऐसे लोग अपने वोटर कार्ड लेकर बीएलओ के चक्कर लगा रहे है। बीएलओ का कहना है कि लोगों की गलती से ऐसा हुआ होगा। अब हम कुछ नहीं कर सकते। लोगों की चिंता और अह्म सवाल ये है कि अगर उन्होंने पहले वोट डाला है और अपने परिवार का हिस्सा है तो भी क्या सूची से नाम कटने पर वे क्या मताधिकार और नागरिकता खो देंगे? लोगों को इसका जवाब अब तक नहीं मिल सका हैं।

# वैभव होम्स और मॉल में तोड़फोड़, कोलकर्मी गिरफ्तार



**कोरबा।** शारदा विहार, पॉम मॉल और अन्य क्षेत्रों में मध्य रात्रि को एक एसईसीएल कर्मी के उत्पात ने दहशत का माहौल कायम कर दिया। उसने इन क्षेत्रों में लोगों की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी रघ्घु को गिरफ्तार किया है, उसके विरूद्ध बीएनएस की धारा 324 का प्रकरण दर्ज किया गया है।

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत शारदा विहार के वैभव होम्स के पार्किंग एरिया में घुसकर आरोपी ने वारदात की शुरूआत की। पुलिस ने बताया कि देर रात उसके द्वारा यह हरकत की गई। उसने यहां पर 17 चार पहिया गाड़ियों को निशाना बनाया। उनके आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिये गये। उसकी हरकत पर यहां के सुरक्षा गार्ड ने हस्तक्षेप किया तो उस पर भी हमला करने की कोशिश की गई। बताया गया कि आसपास के लोग सक्रिय हुए तो वह यहां से भाग निकला। कहा जा रहा है कि मेंटल किस्म के इस कर्मचारी ने यहां से जाने के बाद सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत पॉम मॉल में भी तोड़ फोड़ की घटना की। कुछ देर बाद पुलिस तक यह बात पहुंची। आखिरकार उसे देर रात तक गिरफ्तार किया गया। पुलिस से मिली सूचना में कहा गया कि आरोपी एसईसीएल कर्मी ने ऑन ड्यूटी इस घटना को अंजाम नहीं दिया। पिछले एक पखवाड़े से वह कार्यस्थल नहीं जा रहा है। सुरक्षा कर्मी के तौर पर उसकी सेवाएं एसईसीएल ले रहा है। हालिया घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने प्रबंधन को अवगत कराया है, ऐसे में उसके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही होने की पूरी संभावना है।

### आदर्श अंग्रेजी कॉलेज में कई संकाय के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

# नई शिक्षा नीति और प्रभावों पर प्राध्यापकों व छात्रों में संवाद



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, कोरबा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर इंडक्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय में अध्ययनरत प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों तथा नव-नियुक्त अतिथि प्राध्यापकों के लिए रखा गया था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एन.ई.पी 2020 की अवधारणा, संरचना तथा उनके शैक्षणिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की संस्था प्रभारी एवं एन.ई.पी. समन्वयक डॉ. डेज़ी कुजूर के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की मुख्य विशेषताओं, उद्देश्यों और दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् सुश्री दिव्या पटेल सहायक प्राध्यापक, अंग्रेज़ी के द्वारा विद्यार्थियों को शैक्षणिक संरचना, कोर्स क्रेडिट प्रणाली, उपस्थिति नियम, आंतरिक मूल्यांकन तथा परीक्षा प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। सुश्री पूजा सिंह, सहायक प्राध्यापक, रसायन विज्ञान ने आंतरिक मूल्यांकन, परीक्षा प्रणाली एवं परिणाम विश्लेषण पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता नुपिता सेन यादव, शैलेश माहेश्वरी , आशिया खान, मधु यादव सहित नव-नियुक्त अतिथि व्याख्याता हेमंत कुमार , गणित तथा पूनम साहू भौतिक शास्त्र की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं नव-नियुक्त अतिथि प्राध्यापकों को NEP 2020 के उद्देश्यों, संरचना और उसके प्रभावों के बारे में व्यापक समझ प्रदान की। साथ ही उनके समस्त प्रश्नों और शंकाओं का समाधान भी किया गया। महाविद्यालय द्वारा इंडक्शन कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शिखा शर्मा ने एन.ई.पी. 2020 को समझने और आत्मसात करने के लिए समय-समय पर ऐसे आयोजन की आवश्यकता बताई जिससे विद्यार्थी और शिक्षक लाभान्वित हों।

## मिश्र का होगा स्वागत

**कोरबा।** श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्र का आज कोरबा आगमन हो रहा है। एनटीपीसी पहुंचने पर गेट के सामने उनका अमर सिंह राठौर, अजय मिश्रा के नेतृत्व में भामस के कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद श्री मिश्र कोरबा आएंगे। यहां पर कोयला के रंजय सिंह शैलेंद्र सिंह, बाबूलाल चंद्रा, अम्या मिश्रा, रमेश गुरूद्वान, शरद नायर, भीम चौहान, शिव पाटले के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा।

## रिटायर कर्मियों का सम्मान

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट के चार कामगारों का रिटायर होने पर वर्कस क्लब में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां अधिकारियों व युनियन प्रतिनिधियों ने उनका सम्मान किया। इस दौरान शेखचंद मंसूरी, छंदराम राठौर, कुलदीप कुमार सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम रिटायर कर्मी प्रभाकर कौशिक की ओर से आयोजित है। इस दौरान डीके मिश्रा, गिरीश शुक्ला, गिरीश जायसवाल, ओम प्रकाश पासवान सहित अनेकों कामगार मौजूद रहेंगे।

# डीपीएस के उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**कोरबा।** बालको दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) ने अपना 13वाँ वार्षिक समारोह अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया, जिसमें भारत की सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों का मनमोहक संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने आधुनिक तकनीकी युग में सांस्कृतिक धरोहरों और परंपराओं के संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया।

इस भव्य कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रदर्शन भारत की विविधता का सुंदर प्रतिबिंब थे। छेरछेरा, हरेली, पोंगल, बिहू और बैसाखी जैसे विभिन्न फसल त्योहारों पर आधारित आकर्षक नृत्य और प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पुराणों से प्रेरित नाटक 'भक्त प्रह्लाद' दर्शकों की विशेष पसंद रही। वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए डीपीएस बालको के प्राचार्य श्री कैलाश पवार ने कहा कि हमनें इस वर्ष शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद और सहगामी गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल की हैं। हमारी एनसीसी यूनिट का पूर्ण रूप से सक्रिय होना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभावना को मजबूत कर रहा है। बच्चों ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जो उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उसने विद्यालय, अभिभावकों और बालको सभी का सम्मान बढ़ाया है। हमारे सभी शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर समर्पित हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्रतिभा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा सके। बालको के सीईओ एवं निदेशक श्री कुमार ने कहा कि यह आवश्यक है कि हम सभी न केवल स्वयं में बल्कि अपने नवांकुर बच्चों में भी अनुशासन और मूल्यों के बीज बोएँ। इन नन्हे पौधों का सही पोषण और मार्गदर्शन ही उन्हें श्रेष्ठ नागरिक और गुणवत्तापूर्ण मानव बनने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि बालको डीपीएस का 13वाँ वार्षिक समारोह बालको की शिक्षा, संस्कृति और समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है। बच्चों ने जिस आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मकता के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं, वह विद्यालय के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और बालको के सहयोग का परिणाम है। साथ ही सीईओ ने बच्चों से कहा कि आप सभी बड़े सपने देखिए, दृढ़ता से सीखते रहिए और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखिए, क्योंकि भविष्य उन्हीं का होता है जो निरंतर आगे बढ़ते हैं। राष्ट्रीय एकता और विविधता में एकता का संदेश देते हुए यह रंगारंग शाम, भौगोलिक सीमाओं को मिटाते हुए, सभी के लिए अविस्मरणीय बन गई। समारोह का समापन एक हजार से अधिक उपस्थित दर्शकों द्वारा सामूहिक रूप से गाए गए राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# सड़कों की दुर्दशा, समाधान को तलाशती निगाहें

**कोरबा।** यहां के महाराणा प्रताप चौराहा कोसाबाड़ी, ट्रांसपोर्ट नगर चौक, शारदा विहार क्रासिंग और पीएच रोड में नहर पुल से पहले सड़क की जर्जर स्थिति में आवागमन में सबसे बड़ी बाधक साबित हो रही है। एक तरह से यह मामला अंतहीन बना हुआ है और इस वजह से लोग परेशान हो रहे हैं।

पिछली गर्मी के समय से इन रास्तों पर लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ा। लगातार इस बारे में पहल की जाती रही। समाधान निकालने के बजाय अधिकारियों ने आश्वासन देकर काम चलाया। नतीजा यह हुआ कि सड़कों पर बने छोटे गड्ढे और ज्यादा बढ़ गए। इस वर्ष चैत्र नवरात्र से लेकर दुर्गा पूजा, दीपावली जैसे बड़े पर्वों पर लोगों ने इसी हाल में इस तस्वीर को देखा। उनका कहना है कि हर मौके पर उन्हें झूठे आश्वासन प्राप्त हुए और इसी का नतीजा है कि मसला और ज्यादा बढ़ गया है। ये बात अलग है कि जिला प्रशासन ने डीएमएफ से 30 करोड़ की राशि खराब सड़कों को सुधारने के लिए मंजूर की है। इन सबके बावजूद क्षेत्र की सड़कों की बदहाली ठीक होने में कितना समय लगेगा, इसका इंतजार है।

## मेरई-मुकुवा पहुंचे 51 हाथी



**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के जटगा रेंज में विचरण कर रहे 53 हाथियों में से 51 हाथी झुंड से अलग होकर मुकुवा मेरई पहुंच गए हैं। हाथियों के झुंड को आज सुबह मेरई पहाड़ पर विचरण करते हुए देखा गया। जबकि दो हाथी अमलीकुडा होते हुए जटगा रेंज की सीमा को पार कर पसान रेंज में प्रवेश कर गया है। हाथियों के दल ने तत्काल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है, लेकिन उत्पात की संभावना को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। हाथियों की निगरानी करने के साथ आसपास के गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला तथा बालको नगर रेंज में हाथी समस्या जारी है। बालको रेंज के गहनिया जंगल में विचरण कर रहे 12 हाथियों के दल ने बीती रात खेतों में उत्पात मचाते हुए वहां लगे धान की फसल को तहस-नहस कर दिया। इससे पांच किसानों को नुकसान उठाना पड़ा है।




## सांसद ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कल कुदरी व गजरा क्षेत्र का दौरा करते हुए कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने समस्याओं को जानने का प्रयास किया। उन्होंने एसआईआर के संबंध में लोगों को जानकारी दी। कार्यकर्ताओ को सजग कर कार्य करने को कहा। क्षेत्र में अनेकों समस्याएं हैं, उन समस्याओं को भी उनके सामने रखा गया। बैठक में जिलाध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस मनोज चौहान, श्रीमती भुनेश्वरी दास, प्रदीप अग्रवाल, संजय आजाद, फिरोज अनंत, धनंजय दीवान, यशपाल कंवर सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com